दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली। शुक्रवार 11 जुलाई-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 202 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3




# कांवड़ कभी खंडित नहीं होती, जो अखंड है वह खंडित कैसे होगा : महंत नारायण गिरी



## पिकनिक और मस्ती नहीं आराधना का पर्व है कांवड़ यात्रा

### - सावन कांवड़ यात्रा में 20 लाख कांवडियों के जलाभिषेक का अनुमान
### - ऊंचे डीजे बैन को महंत ने बताया सही फैसला

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सावन मास की शुरूआत हो गई है। तो शिव भक्तों ने भी गंगाजल लाने के लिए अपने घरों से हरिद्वार, गंगोत्री, यमुनोत्री, ऋषिकेश तो वहीं नीलकंठ महादेव से लेकर अन्य स्थानों के लिए जाना शुरू कर दिया है। तो गाजियाबाद के प्राचीन दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर के महंत और जूना अखाड़ा के राष्ट्रीय प्रवक्ता महंत नारायण गिरी ने डीजे व बड़ी डाक




कांवड़ प्रतिबंधित किए जाने वाले इस फैसले की उन्होंने सराहना की है। तो वहीं उन्होंने कांवड़ यात्रा में आने वाली भीड़ को स्पष्ट रूप से संदेश दिया है कि यह पिकनिक और मस्ती नहीं आस्था का पर्व है। इसकी मयार्दा, सम्मान और तपस्या को खत्म ना किया जाए। वहीं दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर के महंत नारायण गिरी ने यह भी कहा है कि कांवड़ खंडित होने के नाम पर जिस तरीके से माहौल खराब किया जाता है, अराजकता फैलाई जाती है, ऐसा नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा है कि जो अखंड है वह अखंड कैसे हो सकता है। भगवान शिव और गंगाजल कभी खंडित नहीं हो सकते हैं। इसीलिए कांवड़ यात्रा में शामिल होने वाले कांवडिए और शिव भक्तों को प्रशासन और जनता का सहयोग करना चाहिए। वहीं उन्होंने जानकारी दी है कि मंदिर में बन रहे कॉरीडोर के काम को कांवड़ व सावन के चलते रोक दिया गया है।

### 20 लाख शिव भक्तों पर ध्यान, दो महीने से सीएम दे रहे हैं निर्देश

करंट क्राइम : महंत नारायण गिरी ने कहा है कि इस बार सावन मास और शिवरात्रि को मिलाकर लगभग 20 लाख शिव भक्त जिसमें कांवड़ियां भी जलाभिषेक करेंगे, दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर पहुंचने का अनुमान है। तो वहीं उन्होंने बताया है कि शिवरात्रि और पहले सोमवार के लिए दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में सभी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। प्रशासनिक अधिकारियों ने दौरा करने के सारे आवश्यक दिशा निर्देश दे दिए हैं। तो वहीं खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बीते दो महीनों से कांवड़ यात्रा को लेकर अधिकारियों से संपर्क कर उन्हें सीधा दिशा निर्देश जारी कर चुके हैं।

### गंगोत्री और हरिद्वार से ज्यादा लाया जाएगा इस बार गंगाजल



करंट क्राइम : दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर के महंत नारायण गिरी ने कहा है कि सावन मास में आने वाले शिवरात्रि को लेकर शिव भक्त जल लेने के लिए निकलने शुरू हो गए हैं। उन्होंने जानकारी दी है कि इस बार गंगोत्री और हरिद्वार से जल लाने वालों की संख्या अधिक रहेगी। तो वहीं ऋषिकेश नीलकंठ महादेव और बद्रीनाथ, केदारनाथ, यमुनोत्री से भी श्रद्धालु जल लेकर आते हैं और भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करते हैं।

### ऊंची डीजे पर रोक ठीक

करंट क्राइम : जूना अखाड़े के राष्ट्रीय प्रवक्ता और दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर के महंत नारायण गिरी का कहना है कि जिस तरीके से सरकार, खुद प्रमुख सचिव, डीजीपी उत्तर प्रदेश द्वारा कहा गया है कि डाक कांवड़ तय ऊंचाई पर हो, तो वही डीजे सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित क्षमता से अधिक ध्वनि के ना बजाया जाएं। उन्होंने कहा है कि यह सही फैसला है, कई बार ऊंचे कांवड़ होने की वजह से हादसा होने का डर रहता है। तो वहीं डीजे की वजह से करंट लगने के हादसे और कई तरीके की परेशानी होती रही हैं। महंत ने कहा कि जिस तरीके से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांवड़ यात्रा को लेकर फैसला लिया है, ऐसा ही फैसला उन्होंने ताजिया निकालने को लेकर भी लिया था।

### कोई नशा नहीं हो और कैंप में कांवड़िए करें दान

करंट क्राइम : दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर के महंत नारायण गिरी ने कांवड़ यात्रा में शामिल होने वाले शिव भक्तों से अपील की है और कहा है कि वह कांवड़ यात्रा के दौरान किसी प्रकार का कोई नशा ना करें। खुद का भोजन ग्रहण करें और अगर कैंप या कहीं रास्ते में भोजन ले रहे हैं तो दान अवश्य करें। ऐसा खाना ना खाएं, उन्होंने कहा कि यह तपस्या व साधना का पर्व है। इसमें शिव जाप करें और पिकनिक स्पॉट और मस्ती के रूप में न देखकर इसको आराधना का पर्व बनाने का काम करें।

### जो अखंड है, वह खंडित कैसे होगा : महंत नारायण गिरी

करंट क्राइम : दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर के महंत नारायण गिरी ने कहा है की कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ खंडित होने की दशा में कई बार शिव भक्त और सड़क पर चलने वाले लोग कानून व्यवस्था की स्थिति अपने हाथ में लेते हैं। आक्रोशित हो जाते हैं जबकि जो अखंड है वह कभी खंडित नहीं हो सकता, जो आक्रोश कर रहा है वह भगवान भोले बाबा को ठीक से समझा और पढ़ नहीं पाया है। उन्होंने कहा कि अगर किसी के टक्कर लगने या कांवड़ियों की दौड़ के दौरान किसी का जल या कांवड़ गिर जाता है तो उस शिवभक्त खंडित ना माने वह प्रशासन और जनता का सहयोग करें, यही शिव भक्त है।

# कांवड़ व्यवस्था के लिए निगम ने बढ़ाई रफ्तार

## नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने अधिकारियों को किया अलर्ट






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद शहर से अधिकांश कांवड़ यात्री होकर गुजरते हैं, इसीलिए गाजियाबाद में कांवड़ यात्रा के लिए अत्यधिक व्यवस्था हेतु जिला प्रशासन लगा हुआ है। गाजियाबाद नगर निगम की तैयारी भी जोरों से हो रही है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा लगातार अधिकारियों से बैठक करते हुए प्रतिदिन कांवड़ यात्रा महोत्सव के लिए चल रहे कार्यों की रिपोर्ट ली जा रही है। इसी क्रम में नगर आयुक्त द्वारा सभी अधिकारियों से बैठक की गई। समय से सभी व्यवस्थाओं को पूर्ण कर लिया जाए टीम को निर्देश दिए गए। कांवड़ यात्रा महोत्सव के नोडल प्रभारी अपर नगर आयुक्त अवनींद्र को चल रहे कार्यों पर मॉनिटरिंग बनाए रखने के लिए कहा गया। बैठक में अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव, मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद, प्रभारी प्रकाश एसपी मिश्रा, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज आश कुमार व अन्य उपस्थित रहे।

### कांवड़ व्यवस्था में ना रह जाए कोई कमी, समय से किए जाएं इंतजाम : नगर आयुक्त



करंट क्राइम। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि लगातार तैयारी जोरों से चल रही है। कांवड़ यात्रा को सफल बनाने के साथ-साथ सावन के सोमवार में भी श्रद्धालुओं के लिए मंदिरों पर भी व्यवस्था बेहतर हो तेजी से कार्य करने की निर्देश टीम को दिए गए हैं। गाजियाबाद नगर निगम निर्माण विभाग द्वारा बैरिकेडिंग का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है जिसमें दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर से लेकर जस्सीपुरा मोड तक बैरिकेडिंग हो चुकी है। इसी क्रम में तेजी से कार्य करते हुए आवश्यकता को देखते हुए निर्धारित रूट पर बैरिकेटिंग का कार्य जारी रहेगा। नगर आयुक्त द्वारा निगम के अधिकारियों व टीम को मोटिवेट करते हुए ड्यूटी के साथ-साथ भक्ति भाव को भी ध्यान में रखते हुए श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। जनप्रतिनिधियों का भी विशेष सहयोग सावन महोत्सव में निगम को मिलेगा जोरों से तैयारी चल रही है। प्रकाश विभाग तथा निर्माण विभाग का कार्य प्रारंभ हो चुका है। दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर सहित अन्य शिवालियों पर भी व्यवस्था बनाने के लिए कार्यवाही चल रही है।

# यूपीसीडा आज 42 भूखंडों को स्थानांतरित करने के लिए निकालेगा लक्की ड्रॉ

### - आवंटियों को मिलेगा वर्षों से लंबित कब्जा
### - सिकंदराबाद के गोपालपुर में स्थित हैं भूखंड

**ग्रेटर नोएडा, करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) 42 भूखंडों के लिए शुक्रवार को लक्की ड्रा प्रक्रिया करेगा। इन भूखंडों का आवंटन पहले ही हो चुका है, लेकिन यीपीसीडा तकनीकी व जमीन पर कब्जा न मिलने के कारण आवंटियों को भूखंड उपलब्ध नहीं करा पाया है।

वर्षों से आवंटी भूखंड पर कब्जे की मांग करते आ रहे हैं। उनकी मांग को पूरा करने के लिए अन्य जगह पर भूखंड देने का निर्माण हुआ है ।यूपीसीडा की जिले में चार औद्योगिक साइट बी, सी व चार एवं पांच हैं। इसके अलावा सिकंदराबाद में गोपालपुर में औद्योगिक साइट है। प्राधिकरण ने भूखंड योजना के तहत आवेदकों को भूखंडों का वर्षों पहले आवंटन किया था, लेकिन किसानों ने जमीन अधिग्रहण के खिलाफ न्यायालय में जाने व अन्य कारणों से प्राधिकरण जमीन पर कब्जा लेकर भूखंडों को विकसित नहीं कर पाया।




### वर्षों से आवंटी आवंटित भूखंडों पर कब्जे की कर रहे हैं मांग

करंट क्राइम : वर्षों से आवंटी औद्योगिक इकाई लगाने के लिए आवंटित भूखंडों पर कब्जे की मांग कर रहे थे। आवंटित भूखंड को किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित करने का प्राधिकरण से अनुरोध किया था। आवंटियों की मांग को देखते हुए यूपीसीडा ने दूसरे स्थान पर भूखंड विकसित कर कब्जा देने का फैसला किया।

### यूपीसीडा के क्षेत्रीय प्रबंधक अनिल शर्मा की मेहनत लाई रंग


अनिल शर्मा

करंट क्राइम : यूपीसीडा के क्षेत्रीय प्रबंधक अनिल शर्मा लगातार ऐसे मामलों को लेकर ध्यान दे रहे थे। तो लगातार मंत्रीगण व विभाग के उच्च अधिकारियों को पूरी समस्या और उसके समाधान के लिए अवगत करवाने में उनका योगदार रहा है। वहीं बताया गया कि सभी 42 भूखंड सिकंद्राबाद गोपालपुर के हैं। आवंटियों को उसी क्षेत्रफल का भूखंड दूसरे स्थान पर दिया जाएगा। शुक्रवार को यूपीसीडा के कासना स्थित कार्यालय में स्कूल के विद्यार्थियों के जरिये भूखंड संख्या की पर्ची निकाली जाएंगी।

### मयूर माहेश्वरी और अनिल शर्मा के प्रयास हो रहे हैं सफल


मयूर माहेश्वरी

करंट क्राइम : यूपीसीडा के वरिष्ठ अधिकारी व आईएएस मयूर माहेश्वरी और यूपीसीडा के क्षेत्रीय प्रबंधक अनिल शर्मा के प्रयास सफल हो रहे हैं। सालों से जो जमीन और प्लांट लोगों को मिल नहीं रहे थे, वह अब लक्की ड्रा के द्वारा निकालकर उनको मुहैया कराया जा रहे हैं ताकि जनता को परेशान ना होना पड़े। वहीं कहा जा रहा है लकी ड्रा करने के पीछे दोनों ही अधिकारियों ने कई दफा वार्ता एवं पत्राचार किया है। जिसकी वजह से यह प्रक्रिया शुक्रवार को सफल होने जा रही है।

## जब सांसद अतुल गर्ग और चीफ वार्डन ललित जायसवाल नजर आए एक मंच पर एक साथ

# तब लखनवी अंदाज में क्यों हो रही थी मंच पर पहले आप-पहले आप

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** अतुल गर्ग गाजियाबाद के लोकसभा सांसद हैं और ललित जायसवाल हिंदी भवन समिति के अध्यक्ष हैं और सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन हैं। पूरा शहर जानता है कि ये एक जोड़ी ऐसी रही है जो पुरानी है, लेकिन इन दिनों इस जोड़ी को लेकर चर्चा ये चल रही है कि सीन सौदागर फिल्म जैसा हो गया है और राजकुमार-दिलीप कुमार वाली कहानी हो रही है। हालांकि ये केवल चचाएं हैं और ऐसा देखने में कुछ नजर नहीं आता है। सब जानते हैं कि अतुल गर्ग जब भी चुनाव लड़े तो चीफ वार्डन ललित जायसवाल पूरी तरह एक्टिव हो जाते हैं और ये एक अलग बात है कि ललित जायसवाल के हिस्से में अभी वो चुनाव नहीं आया जिसमें अतुल गर्ग एक्टिव हो सके। दोनों बहुत दिनों बाद एक साथ, एक मंच पर एक कार्यक्रम में दिखाई दिये।

हालांकि ये पहले भी होता रहा है, लेकिन इत्तेफाक कुछ ऐसा रहा कि कई कार्यक्रम ऐसे हो गए जब कहीं पर



जायसवाल हैं तो अतुल गर्ग नहीं है तो कहीं अतुल गर्ग हैं तो जायसवाल नहीं। गाजियाबाद को अगर राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से देखा जाए तो ये दायरा कोई बहुत बड़ा नहीं है और घूम फिरकर लोग मिल जाते हैं, मंच साझा हो जाते हैं। इन सबके बीच एक घटनाक्रम तब हुआ जब भाजपा नेता अनिल अग्रवाल



सांवरिया ने एमएलसी दिनेश गोयल के कॉलेज आरकेजीआईटी में रक्तदान शिविर आयोजित किया। इत्तेफाक ये हुआ कि आफ्टर मिर्ची एपिसोड के बाद लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के कदम इस कॉलेज में पड़े। अतुल गर्ग सियासी शिष्टाचार जानते हैं और यहां उन्होंने उसे पूरा निभाया और पुरानी बातों को दरकिनार कर एमएलसी दिनेश गोयल के पुत्र के साथ चाय भी पी।

इत्तेफाक और हुआ और ये हुआ कि आरकेजीआईटी में चीफ वार्डन ललित जायसवाल और अतुल गर्ग भी फेस टू फेस मिले। इससे पहले कि बातों का कोई केस होता उससे पहले ही मंच संभाल रही उद्घोषित ने कुछ उद्घोष किया। अनिल अग्रवाल सांवरिया ने इस आकर्षक सुंदर कार्यक्रम को अपनी व्यवस्था से पूरी तरह संवारा हुआ था। यहां उद्घोषणा हुई और ये उद्घोषणा



ललित जायसवाल के नाम की थी, उनका नाम महिल एंकर पुकार रही थी, उनसे मंच पर आने का अनुरोध हो रहा था। ललित जायसवाल का परिचय दिया जा रहा था कि सीन में लोकसभा सांसद अतुल गर्ग की एंट्री हुई।

अब सांसद की एंट्री होते ही उद्घोषिका ने उनका भी नाम पुकारा और कहा कि हमारे बीच लोकसभा सांसद अतुल गर्ग आ गए हैं। उनके स्वागत की बात होने लगी और अतुल गर्ग इस तरीके के कार्यक्रमों के अभ्यस्त हैं। उनके बारे में ये कहा जाता है कि उनके ईयर, टीथ, आई, सबकुछ इतने परफेक्ट है कि वो बारीकी से देखते हैं। सुनने की क्षमता बेहद तेज है और भोजन का स्वाद जानते हैं। बहरहाल अतुल गर्ग 11 बजकर 45 मिनट पर आए थे। ये उनकी आदत है कि वो कार्यक्रम में जल्दी पहुंचते हैं और फिर आयोजकों से जल्दी जाने का अनुरोध भी रहता है। आयोजकों को उनके स्वभाव का पता है, लिहाजा वो सांसद अतुल गर्ग की तैयारी में जुट गए। अब आयोजकों को क्या पता कि मिस्टर अतुल गर्ग हैं। उनके कानों ने उद्घोषिका के शब्दों को सुन लिया है और उन्होंने अपनी नजरों से ललित जायसवाल को मंच की तरफ बढ़ते देख लिया। छोटी-छोटी चीजों की तरफ अतुल गर्ग हमेशा ध्यान देते हैं, लिहाजा उन्होंने सबसे पहले ये कहा कि स्वागत मेरा बाद में और पहले ललित जायसवाल का किया जाए।

बताते हैं कि यही पर स्वागत करने को लेकर दोनों के बीच पहले आप, पहले आप हुई और फिर सांसद अतुल गर्ग ने ऐलान कर दिया कि संबोधन भी पहले ललित जी का होगा और ललित जी ही मंच पर बोलेंगे। सबने देखा कि अतुल गर्ग के इस स्टाइल को देखकर ललित जायसवाल के चेहरे पर स्माइल आ गई। सांसद अतुल गर्ग शिष्टाचार का पालन कर रहे थे और इस बात को चीफ वार्डन ललित जायसवाल भी बेहतर जानते थे।

उन्होंने भी शिष्टाचार का पालन किया और जब माइक उनके हाथ में आया तो ललित जायसवाल ने मात्र एक मिनट में अपने संबोधन को पूरा किया और फिर उन्होंने कहा कि अब लोकसभा सांसद अतुल गर्ग बोलेंगे। सियासत के गुणा भाग को समझने वाले लोग इस पूरे अंदाज को समझ रहे हैं। वो इस पहले आप-पहले आप के गणित को समझ रहे हैं।

# पिता की डूबती सांसों के लिए बेटे ने मांगी भोलेनाथ से मन्नत

## भोलेनाथ ने सुनी पुकार, लौटी पिता की सांसें, अब हर कदम जमीन पर लेटकर निभा रहा वादा








**बागपत।** बस मेरे पापा ठीक हो जाएं भोलेनाथ...! मैं अपना सब कुछ आपके चरणों में अर्पित कर दूंगा। यह सिर्फ प्रार्थना नहीं थी, बल्कि एक बेटे की भगवान शिव से अपने पिता की जिंदगी के लिए अंतिम फरियाद, जब उसके पिता अस्पताल के बेड पर जिंदगी और मौत से जूझ रहे थे।

सोनीपत जिले के नाहरी निवासी दीपक के पिता दिल्ली के नरेला स्थित अस्पताल में भर्ती थे। डॉक्टरों और नर्सों तक ने जवाब दे दिया था- 'उम्मीद बहुत कम है।' थके-हारे परिवार को जब दवा नहीं बचा सकी, तब दीपक ने भोलेनाथ से संकल्प लिया-अगर पापा बच गए, तो मैं कांवड़ लाऊंगा, वो भी लेटकर, अपनी देह को कष्ट देकर।

शिवरात्रि से पहले मानो चमत्कार हुआ। पिता की हालत सुधरने लगी, अस्पताल से छुट्टी मिली और उनके चेहरे की मुस्कान वापस आ गई। दीपक अब अपने संकल्प को निभाने निकल पड़ा।

**जमीन पर लेटकर निभा रहा संकल्प :** हरिद्वार से बड़ौत की ओर दीपक बिना किसी सहारे, लाठी या साधन के खुद को भूमि पर लेटाता हुआ कांवड़ लेकर चल रहा है। कुछ दूरी तक पेट के बल लेटता है, फिर खड़ा होकर कुछ कदम चलता है, फिर लेटता है और उसी जगह से फिर से इस प्रक्रिया को दोहराता है। यही क्रम दोहराते हुए वह बड़ौत पहुंच गया है।

**श्रद्धा, संकल्प और पुत्रधर्म की जीवंत मिसाल**

जब बड़ौत पहुंचने पर रास्ते में लोगों ने दीपक से पूछा कि भाई इतनी कठिन तपस्या क्यों? तो उसकी आंख में आंसू थे और कांपती आवाज में जवाब दिया कि पिता की सांसे उधार थीं भोलेनाथ से... अब हर कदम उन्हीं को लौटाने निकला हूं..' यह सुनकर वहां खड़े लोगों की आंखें नम हो गईं।' दीपक की यात्रा सिर्फ एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि श्रद्धा, परिवार के प्रति प्रेम और भोलेनाथ पर अटूट आस्था की जीवंत तस्वीर बन गई है। यह कहानी बताती है कि जब श्रद्धा सच्ची हो, तो भोलेनाथ 'शंकर' से 'संजीवनी' बन जाते हैं।



## बिहार मतदाता सूची संशोधन पर 'सुप्रीम' आदेश

# 'आधार, राशन और वोटर कार्ड शामिल करने पर विचार करे चुनाव आयोग'

**पटना।** बिहार में मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण अभियान के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। लंबी बहस के बाद सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिए कि वह पुनरीक्षण के लिए जरूरी दस्तावेजों में आधार कार्ड, राशन कार्ड और वोटर कार्ड को शामिल करने पर विचार करे। साथ ही तीन मुद्दों पर जवाब दाखिल करे। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को नोटिस जारी करते हुए सुनवाई की अगली तारीख 28 जुलाई तय की है।




सुप्रीम कोर्ट ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पर रोक नहीं लगाई है, क्योंकि याचिकाकताओं ने अंतरिम रोक की मांग नहीं की है। जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस जॉयमाला बागची की पीठ ने कहा कि हम सांविधानिक संस्था को वह करने से नहीं रोक सकते जो उसे करना चाहिए। कोर्ट ने चुनाव आयोग को अपना हलफनामा दायर करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया है। वहीं याचिकाकताओं को उसके एक सप्ताह बाद जवाब दाखिल करने के लिए कहा है।

**सुप्रीम कोर्ट ने तीन मुद्दों पर मांगा जवाब :** सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव आयोग से तीन मुद्दों पर जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग के वकील से कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि अदालत के समक्ष जो मुद्दा है वह लोकतंत्र की जड़ और मतदान के अधिकार से जुड़ा है। याचिकाकर्ता न केवल चुनाव आयोग के मतदान कराने के अधिकार को चुनौती दे रहे हैं, बल्कि इसकी प्रक्रिया और समय को भी चुनौती दे रहे हैं। इन तीन मुद्दों पर जवाब देने की जरूरत है।

**पुनरीक्षण को बिहार चुनाव से क्यों जोड़ रहे: सुप्रीम कोर्ट :** इससे पहले सुनवाई के दौरान जस्टिस जॉयमाल्या बागची ने चुनाव आयोग के वकील से कहा कि आप इस प्रक्रिया को नवंबर में होने वाले चुनाव से क्यों जोड़ रहे हैं?

यह एक ऐसी प्रक्रिया है जो पूरे देश के चुनाव से स्वतंत्र हो सकती है। इस पर चुनाव आयोग के वकील ने कहा कि प्रक्रिया का पालन किया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि सुनवाई का अवसर दिए बिना किसी को भी मतदाता सूची से बाहर नहीं किया जाएगा।

# वडोदरा पुल हादसा : मरने वालों की संख्या बढ़कर हुई 15, तीन लोग अब भी लापता





**रेस्क्यू टीम को तड़के सुबह मिली एक और डेड बॉडी**


**वडोदरा।** गुजरात में वडोदरा और आणंद को जोड़ने वाला पुल टूटने के बाद अब तक महिसागर नदी से 15 लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं। इनमें से दो शव गुरुवार को नदी से निकाले गए हैं। जबकि 13 शव बुधवार को ही निकाल लिए गए थे। इस हादसे में एक ही परिवार के कई सदस्यों की जान चली गई है। अब इस हादसे में मरने वालों का आंकड़ा 15 हो गया है।

वडोदरा के कलेक्टर अनिल धमेलिया ने बताया कि कम से कम तीन लोग अभी भी लापता हैं। उन्होंने बताया कि एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें नदी में जीवित बचे लोगों या पीड़ितों के शवों की तलाश कर रही हैं। धमेलिया ने कहा, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें नदी में 4 किलोमीटर नीचे तक तलाशी अभियान चला रही हैं। हमारे पास उपलब्ध सूची के अनुसार, अब तक 15 शव बरामद किए जा चुके हैं, जबकि तीन लोग अभी भी लापता हैं। लोग अन्य लापता लोगों के बारे में हमें सूचित करने के लिए हमारे नियंत्रण कक्ष पर कॉल कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि जिन तीन लापता लोगों की पहचान हो गई है, उनके अलावा और भी लोग हो सकते हैं क्योंकि नदी में गिरे और तीन मीटर कीचड़ में फंसे वाहनों में शामिल एक कार और एक मिनी ट्रक में सवार लोगों के बारे में कोई विशेष जानकारी उपलब्ध नहीं है। जिलाधिकारी ने कहा, बारिश और नदी में कीचड़ की मोटी परत बचाव अभियान को चुनौतीपूर्ण बना रही है क्योंकि ऐसी स्थिति में कोई भी मशीन काम नहीं कर रही है। नदी के बीचों-बीच डूबे वाहनों के पास पहुँचने के लिए किनारे पर एक विशेष पुल का निर्माण किया जा रहा है। बता दें कि बुधवार को महिसागर नदी पर मध्य गुजरात को सौराष्ट्र क्षेत्र से जोड़ने वाले गंभीरा पुल का 10 से 15 मीटर का एक स्लैब ढह गया था। छह वाहन, जिनमें दो ट्रक, दो वैन, एक ऑटोरिक्शा और एक बाइक नदी में गिर गए थे। दो अन्य वाहन भी गिरने ही वाले थे कि उन्हें खींचकर बचाया गया।

# दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के झटके 10 सेकंड तक हिलती रही धरती

## लोग घरों-दफ्तरों से निकलकर भागे



**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में गुरुवार सुबह बारिश के बीच भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप के झटके करीब 10 सेकंड तक महसूस किए गए।

भूकंप के झटके सुबह 9 ।04 बजे महसूस किए गए। ये झटके दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम, फरीदाबाद, रोहतक, हिसार और सोनीपत में भी महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र हरियाणा का झज्जर बताया जा रहा है। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 4 ।4 रही। भूकंप के झटकों से डरकर लोग घरों और दफ्तरों से निकलकर बाहर भागे। दिल्ली पुलिस ने बताया कि आज सुबह दिल्ली-एनसीआर में आए भूकंप में अभी तक किसी प्रकार के नुकसान की सूचना नहीं है। हम सभी दिल्लीवासियों की कुशलता की कामना करते हैं।

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया पोस्ट कर सभी के सुरक्षित होने की उम्मीद की। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि भूकंप के बाद सभी सुरक्षित होंगे। सभी के लिए प्रार्थना कर रहा हूं।

बता दें कि धरती के अंदर सात टेक्टोनिक प्लेट्स हैं। ये प्लेट्स लगातार घूमती रहती हैं। जब ये प्लेट आपस में टकराती हैं, रगड़ती हैं। एक-दूसरे के ऊपर चढ़ती या उनसे दूर जाती हैं, तब जमीन हिलने लगती है। इसे ही भूकंप कहते हैं। भूकंप को नापने के लिए रिक्टर पैमाने का इस्तेमाल करते हैं। जिसे रिक्टर मैग्नीट्यूड स्केल कहते हैं।

रिक्टर मैग्नीट्यूड स्केल 1 से 9 तक होती है। भूकंप की तीव्रता को उसके केंद्र यानी एपिसेंटर से नापा जाता है। यानी उस केंद्र से निकलने वाली ऊर्जा को इसी स्केल पर मापा जाता है। 1 यानी कम तीव्रता की ऊर्जा निकल रही है। 9 यानी सबसे ज्यादा। बेहद भयावह और तबाही वाली लहर। ये दूर जाते-जाते कमजोर होती जाती हैं। अगर रिक्टर पैमाने पर तीव्रता 7 दिखती है तो उसके आसपास के 40 किलोमीटर के दायरे में तेज झटका होता है।

# गुरु पूर्णिमा पर सीएम योगी ने किया महायोगी गोरखनाथ का विशेष पूजन



**गोरखपुर।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरुवार सुबह मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में गोरखनाथ मंदिर में शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ का पारंपरिक रूप से विशेष पूजन किया। उन्होंने अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ, दादागुरु महंत दिग्विजयनाथ और योगिराज बाबा गंभीरनाथ समेत नाथपंथ के सभी गुरुओं की श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना की और उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

**वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मुख्यमंत्री ने लोकमंगल की कामना की।**

सुबह पांच बजे से शुरू हुए गुरु पूर्णिमा के विशेष अनुष्ठान की पूर्णता सामूहिक महाआरती के साथ हुई। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर स्थित सभी देव विग्रहों एवं गुरुओं की प्रतिमाओं का पूजन कर लोकमंगल की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने गुरु गोरखनाथ को रोट का महाप्रसाद भी अर्पित किया। मुख्यमंत्री योगी ने देशवासियों को गुरु पूर्णिमा क ी शुभकामनाएं दीं और गुरु परंपरा के महत्व को रेखांकित किया।

वैसे तो गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ जब भी गोरखनाथ मंदिर में होते हैं, गुरु गोरखनाथ जी तथा नाथपंथ के गुरुजन का दर्शन-पूजन उनकी दिनचर्या का हिस्सा होता है। पर, गुरु पूर्णिमा का अवसर गोरखनाथ मंदिर में विशिष्ट पूजा का होता है। गुरुवार को गोरक्षपीठाधीश्वर ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महायोगी गुरु गोरखनाथ सहित मंदिर परिसर में मौजूद सभी देव विग्रहों और नाथपंथ के गुरुओं की प्रतिमाओं के समक्ष विधि विधान के साथ पूजन किया। अनुष्ठानिक कार्यक्रमों के क्रम में उन्होंने सबसे पहले नाथपंथ के आदिगुरु भगवान गोरखनाथ के दरबार में हाजिरी लगाई। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उनकी पूजा की।

योगी परिसर में मौजूद सभी देव-विग्रहों के पास पहुंचे और उनका पूजन किया।

# दिल्ली जल बोर्ड बैठक में रेखा सरकार का फैसला

## मुनक नहर पर बनाया जाएगा सोलर पैनल




**नई दिल्ली:** पड़ोसी राज्यों से नहर के जरिये दिल्ली को मिलने पानी को महफूज और स्वच्छ बनाने के लिए दिल्ली सरकार ने मेगा प्लान तैयार किया है। पिछले सप्ताह दिल्ली जल बोर्ड की हुई बैठक में इस प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई थी। दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने अधिकारियों के साथ मुनक नहर का जो हिस्सा दिल्ली में पड़ता है, उसका दौरा किया और स्थिति की गहन समीक्षा की, जिसके बाद नहर के ऊपर सोलर पैनल लगाने का फैसला लिया गया।

**प्रवेश वर्मा ने अधिकारियों के साथ मुनक नहर का दौरा किया**

निरीक्षण के बाद यह तय किया गया कि दिल्ली सीमा में आने वाले हिस्से (करीब 17 किलोमीटर) में नहर के दोनों किनारों पर चार फीट ऊंची दीवार बनाई जाएगी, जिन पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे। इसका मकसद जल हानि को रोकना, स्वच्छ बिजली का उत्पादन करना और नहर के किनारे की सफाई व सुरक्षा को बेहतर बनाना है।

जलमंत्री प्रवेश वर्मा इस योजना को लेकर कहना है कि मुनक नहर दिल्ली की जल आपूर्ति की जीवनरेखा है। लेकिन मौजूदा स्थिति में यह भारी जल हानि, प्रदूषण और दुर्घटनाओं का स्त्रोत भी बन चुकी है। इसे सोलर पैनलों से ढकने की हमारी योजना जल बचाने, स्वच्छ ऊर्जा पैदा करने और नहर को सुरक्षित व आधुनिक बनाने की दिशा में बड़ा कदम है।

फिलहाल, इस परियोजना पर विस्तृत तकनीकी अध्ययन और योजना रिपोर्ट (ऊद्धफ) तैयार की जा रही है, जिसके अगले कुछ महीनों में पूरा होने की उम्मीद है।

गुजरात मॉडल की दर्ज पर होगा काम: उन्होंने कहा कि यह गुजरात के एक सफल मॉडल से प्रेरित है, जहां नहरों के ऊपर सोलर पैनल लगाकर स्थान का उपयोग, पानी की रक्षा और स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन को एक साथ संभव किया गया है। दिल्ली सरकार इस मॉडल को स्थानीय जरूरतों के अनुसार अपनाकर दिल्ली के जल और ऊर्जा सुरक्षा में सार्थक योगदान देने का लक्ष्य रखती है। जल मंत्री के अनुसार मुनक नहर के खुले और असुरक्षित हिस्सों में कचरा फेंकने और डूबने की घटनाएँ लगातार सामने आती रही हैं, जो गुजरने वाले आमलोगों और आसपास के लोगों के लिए खतरा बनती जा रही हैं।

बता दें कि मुनक नहर एक कैरीयर लाइनड चैनल और दिल्ली सब ब्रांच शामिल हैं. इसकी कुल लंबाई 102 किलोमीटर है, जिसमें से लगभग 85 किमी हरियाणा में और 17 किमी दिल्ली में स्थित है. इस नहर के जरिए हरियाणा से मिलने वाला पानी दिल्ली के दो वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में आपूर्ति के लिए जाता है.

# ऋषिकेश-बदरीनाथ हाईवे बाधित

## केदारनाथ यात्रा कुछ समय के लिए रोकी गई

**रुद्रप्रयाग/ बडकोट (उत्तरकाशी)।** ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग सिरोहबगड़ में बीती देर रात से मलबा आने के कारण बाधित है। केदारनाथ यात्रा मार्ग पर बारिश के चलते सोनप्रयाग में कुछ समय के लिए यात्रियों को रोका गया। यमुनोत्री हाईवे ओजरी के पास लगातार 12वें दिन भी बंद है, जिससे यात्रियों और स्थानीय लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



राजमार्ग निर्माण खंड द्वारा यहां बैली ब्रिज का निर्माण अंतिम चरण में है। ईई मनोज रावत ने बताया कि ब्रिज पर डेग प्लेट बिछाई जा रही है और दोपहर बाद इसे यातायात के लिए खोलने की संभावना है। प्रदेश में बारिश के बाद मलबा आने से 87 सड़के बंद हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक बंद सड़कों को खोलने का प्रयास किया जा रहा है।

परिचालन केंद्र के मुताबिक चमोली जिले में 17, बागेश्वर में 9, अल्मोड़ा में एक, चंपावत में तीन, देहरादून में पांच, नैनीताल में सात, पौड़ी में छह, पिथौराढ़ में 15, रुद्रप्रयाग में चार और टिहरी में आठ सड़कें बंद हैं। जबकि उत्तरकाशी जिले में एक राजमार्ग सहित 12 सड़के बंद हैं। देहरादून। उत्तराखंड के पर्वतीय इलाकों में आज (बृहस्पतिवार) भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार देहरादून समेत रुद्रप्रयाग, नैनीताल और बागेश्वर जिले के कुछ इलाकों में तेज दौर की बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

# बारिश में गुरुग्राम बेहाल : अचानक धंस गई सड़क, बीयर से भरा ट्रक गड्ढे में पलटा

**गुरुग्राम।** बुधवार को गुरुग्राम समेत दिल्ली-एनसीआर में जमकर बारिश हुई। आज भी कई इलाकों में बारिश देखने को मिली है। जहां एक तरफ लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली वहीं, लोगों को जलभराव के कारण परेशानी का सामना करना पड़ा। रातभर हुई बारिश के कारण गुरुग्राम में जगह-जगह जलभराव की स्थिति बन गई, जिससे कई किलोमीटर तक लोग जाम में जूझते हुए नजर आए।





वहीं, गुरुग्राम के सदर्न पेरिफेरल रोड पर कल रात से एक ट्रक खाई में फंसा हुआ है। यह खाई तब बनी जब ट्रक के चलते सड़क का एक हिस्सा धंस गया। ट्रक चालक ने कहा, ट्रक में बीयर की बोतलें भरी हुई हैं। मैं गोदाम जा रहा था। कल रात सड़क पूरी तरह सूखी थी। यहाँ कोई जलभराव नहीं था। हमारा एक और ट्रक और एक डम्पर ट्रक भी यहाँ से गुजरी लेकिन उसके बाद सड़क धंस गई और मेरा ट्रक उसमें गिर गया। कोई घायल नहीं हुआ।


गुरुग्राम में भारी बारिश को देखते हुए आज भी ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। गुरुग्राम में बीते 12 घंटों के भीतर रिकॉर्ड 133 मिमी बारिश दर्ज की गई। गुरुग्राम जिला प्रशासन ने एक एडवाइजरी जारी करते हुए सभी निजी व कॉर्पोरेट संस्थानों से अनुरोध किया है कि वे 10 जुलाई 2025 को अपने कर्मचारियों को 'वर्क फ्रॉम होम' (घर से काम करने) की अनुमति दें।

दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...




# 124 बीट में विभाजित की गई कमिश्नरेट की कांवड़ यात्रा

## 10,587 शांति समिति के सदस्य भी देंगे विशेष सहयोग और सुरक्षा



### पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने कांवड़ यात्रा के लिए अधिकारियों को किया ब्रीफ



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सावन मास की शुरूआत हो गई है। तो कांवड़ यात्रा 2025 को ध्यान में रखते हुए पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन स्थित परमजीत हॉल में दिशा निर्देश देने के लिए गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें एडिशनल सीपी अपराध एवं कानून व्यवस्था आलोक प्रियदर्शी, डीसीपी सिटी जोन धवल जायसवाल, डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल, डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्रनाथ तिवारी समस्त जोनल सहायक पुलिस आयुक्त और यातायात पुलिस से लेकर अधिसूचना एवं समस्त थानों के प्रभारी एवं निरीक्षकों को पुलिस कमिश्नर द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। तो कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए पूरे कांवड़ मार्ग को 124 बीटों में विभाजित किया गया है। जिसमें कांवड़ बीट का नाम दिया गया है, प्रत्येक कांवड़ बीट की जिम्मेदारी कांवड़ बीट पुलिस अधिकारी को दी गई है।

### कांवड़ रूट पर तैनात रहेगी 12 फायर सर्विस की गाड़ियां

**करंट क्राइम :** मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने जानकारी दी है की कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए कांवड़ मार्ग पर कुल 12 फायर सर्विस की गाड़ियों को लगाया गया है। तो वहीं कांवड़ रोड पर लगने वाले शिविरों में आग से बचाव के लिए अग्निरोधी यंत्र, रेत की बाल्टी, पानी का ड्रम रखने के लिए शिविर आयोजनों को निर्देश दिया गया है। साथ ही कांवड़ शिवरों में विद्युत सुरक्षा उपाय के लिए भी विशेष हिदायत दी गई है।

### 1657 कैमरों की रहेगी कांवड़ यात्रा पर निगरानी



**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने जानकारी दी है की कांवड़ मार्ग में कुल 1657 सीसीटीवी लगाए गए हैं। तो वहीं 71 बैरियर हैं, तो 33 सार्वजनिक घोषणा प्रणाली के स्थान चिन्हित किए गए हैं। इसके साथ ही 1560 पुलिस स्वयंसेवक लगाए जाएंगे, जो पीआरवी, लैपर्ड और चीता मोबाइल को भी कांवड़ मार्ग और दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर लगाया गया है। इसके अतिरिक्त फायर सर्विस की गाड़ियों को भी अलग-अलग स्थानों पर तैनात किया जाएगा।

### 10,587 शांति सदस्य रखेंगे विशेष निगरानी

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने जानकारी दी है कि मेरठ बॉर्डर पर कंवड़ियों व निजी वाहनों की संख्या गिनने के लिए अलग से पुलिस बल लगाया जाएगा। जो संख्या की सूचना ग्रुप में प्रेक्षित कर आगे पुलिस बल को अवगत कराएंगे ताकि आवश्यकता अनुसार व्यवस्था की जा सके। पूरे कांवड़ मार्ग पर पड़ने वाले क्षेत्र में अराजक तत्वों की विरुद्ध कार्रवाई किए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। वहीं कांवड़ यात्रा में 10587 शांति समिति के सदस्यों को लगाया गया है। जिनके कार्ड जारी किए गए हैं, इसमें सिविल डिफेंस से लेकर डिजिटल वालंटियर फोर्स और स्थानीय स्वयंसेवकों की मदद ली जाएगी।

### एक मुख्य कंट्रोल रूम, चार स्थाई कंट्रोल रूम और 8 स्टैटिक कंट्रोल रूम बनेंगे

**करंट क्राइम :** कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन और पुलिस की ओर से व्यापक तैयारियां की गई हैं। कांवड़ यात्रा को स्पेशल बनाने के लिए जहां पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में चार स्थाई कंट्रोल रूम बनाए गए हैं। तो एक मुख्य कंट्रोल रूम मेरठ रोड तिराहे पर रहेगा। दो सब कंट्रोल रूम और आठ स्टैटिक कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है।

"कांवड़ यात्रा के दौरान कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने नहीं दी जाएगी। अराजक तत्वों पर कार्रवाई की जाएगी। शांतिपूर्वक यात्रा करवाना उद्देश्य रहेगा।

जे रविंदर गौड, पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद



## कुशल क्षेम



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। वरिष्ठ भाजपा नेता तथा पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री बलदेव राज शर्मा इन दिनों अस्वस्थ चल रहे हैं। वह घर पर ही स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं। दैनिक करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता तथा समाचार संपादक दीपक भाटी उनके कुशल जानने के लिए उनके आवास पर पहुंचे। इस दौरान संपादक मनोज गुप्ता तथा समाचार संपादक दीपक भाटी ने वरिष्ठ भाजपा नेता तथा पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री बलदेव राज शर्मा के जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

# सगे भाई करते थे ठगी, 50 हजार बचाने के चक्कर में 36 लाख का लगाया चूना

## साइबर थाने ने पांच आरोपी किए गिरफ्तार, लग्जरी कार व कैश बरामद

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** साइबर ठग बड़ी आसानी से लोगों को मुनाफा कमाने के लालच में ठगने का धंधा चला रहे हैं। एक व्यक्ति ने 50 हजार रुपये के लालच में अपने 36 लाख रुपए गंवा दिए। पीड़ित महिपाल बिष्ट ने बिटकॉइन में निवेश के नाम पर नुकसान उठाया है। इस मामले में पुलिस ने अबतक पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तो इन आरोपियों के 11 बैंक अकाउंट फ्रीज किए गए हैं। जिनमें कुल 44 लाख रुपए साइबर फ्रॉड की घटनाओं से जुड़ा हुआ बताया गया है। पुलिस ने इनसे एक लग्जरी गाड़ी, 1 लाख 83 हजार रुपये नगद, पांच मोबाइल फोन, एक लैंडलाइन डिवाइस और एटीएम सहित अन्य दस्तावेज बरामद किए हैं। डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने खुलासा करने वाली टीम को 25000 रुपये के इनाम की घोषणा की है।

### डीसीपी सिटी ने खुलासा करने वाली टीम को दिया 25000 का ईनाम





### गूगल से सर्च किया नंबर और हो गए ठगी का शिकार

**करंट क्राइम :** एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह और साइबर थाना प्रभारी संतोष तिवारी ने जानकारी दी है कि पुलिस ने रवि प्रताप और नवीन प्रताप नाम के इंदिरापुरम में रहने वाले दो भाइयों को गिरफ्तार किया है। रवि 12वीं पास है, तो नवीन बीए पास है जबकि इस मामले में अनुज जालौन का रहने वाला है और छठी पास है। यही लोगों को फोन कर ठगी का शिकार बनाता था। पुलिस ने गुंजन, अनुज, नवीन प्रताप, विकास और रवि प्रताप के पास से एक लाख 83000 रुपये नगद ,पांच मोबाइल फोन, एक लैंडलाइन डिवाइस, दो चेक, लग्जरी कार बरामद की है। पुलिस ने बताया है कि अनुज के ऊपर थाना जालौन में दो मुकदमे दर्ज हैं। तो रवि प्रताप व विकास पूर्व में साइबर धोखाधड़ी के मामले में जेल जा चुका है।

-----------------

### वेस्ट यूपी से लेकर साउथ इंडिया तक करते हैं साइबर क्राइम

**करंट क्राइम :** इस पूरे मामले में पुलिस की जांच बता रही है कि गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों के मोबाइल, दस्तावेज, चैट कंपनियों की पॉलिसी डाटा से जानकारी मिली है कि तेलंगाना राज्य के हैदराबाद सिटी, तो वहीं तमिलनाडु राज्य के नीलगिरी में रहने वाले व्यक्तियों के साथ साइबर धोखाधड़ी की घटनाओं की जानकारी मिली है। तो जानकारी यह है कि यह गैंग अब तक 44 लाख रुपए से ज्यादा की साइबर ठगी विभिन्न बैंक अकाउंट के जरिए कर चुका है।

# सरकारी कर्मचारी को मिल गया भाजपा मंडल में उपाध्यक्ष का पद

## कहने वालों ने कहा- अगर ये बाई मिस्टेक है तो भी लापरवाही की हद





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सरकार के कर्मचारी और सरकार वाले दल के पदाधिकारी दो अलग-अलग चीजे हैं। सरकार के कर्मचारी घोषित रूप से राजनीतिक गतिविधियों में भाग नहीं ले सकते। वो किसी भी राजनीतिक दल के पदाधिकारी नहीं हो सकते और उनकी अपनी मयार्दाएं हैं। लेकिन जब मंडल वाली लिस्ट जारी हुई है तो यहां ताजपोशी में ही ट्विस्ट आ गयाहै। बताया जाता है कि नगर निगम का कोई सुपरवाइजर मंडल में पदाधिकारी बनकर आ गया है। सुपरवाइजर वाली बात अभी शांत भी नहीं हुई थी कि सीन में अब सरकारी बीएलओ आ गई। मामला नदिया पार विधानसभा का है। यहां की विधानसभा के एक मंडल में ये कमाल हुआ है। यहां बाल विकास वाले महकमें की एक कर्मचारी को मंडल वाला पद प्राप्त हुआ है।

ये महिला कर्मचारी बीएलओ हैं और उन्हें मंडल में उपाध्यक्ष बनाया गया है। चर्चा पूरे मंडल में फैल गई है और इसी बात पर सवाल उठ रहा है कि क्या सरकार कर्मचारी को भाजपा के मंडल में पद दिया जा सकता है। कहने वालों ने कहा कि ये गलती से मिस्टेक वाला सीन भी हो सकता है। वो इसी बात को कह रहे हैं कि कईबार नाम में कंफ्यूजन हो जाता है और ये भी सकता है कि बीएलओ को पता ही ना हो कि उन्हें मंडल में पद मिल गया है।

कोई कंफ्यूजन भी हो सकता है। बहरहाल मंडल में सरकारी बीएलओ को पद मिलने का मामला गूंज रहा है। देश की सबसे बड़ी विधानसभा के एक मंडल में एक ऐसी महिला को उपाध्यक्ष का पद मिला है जो सरकारी कर्मचारी की परिभाषा में आती है और उनकी सेवा नियमावली में यह स्पष्ट है कि वो राजनीतिक दल में पदाधिकारी नहीं हो सकती।

# पूर्व मेयर ने दिया भारी बारिश के बाद जनता को ऑफर

## गुड़गांव नहीं गाजियाबाद आएं यहां है अच्छी सड़कें और बेहतर लॉ एण्ड ऑर्डर






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एक दौर था जब जनप्रतिनिधियों ने जनता से ये वादा किया था कि वो अपने क्षेत्र को बदल देंगे। एक विधायक ने कहा था कि वो अपनी विधानसभा को गुड़गांव बना देंगे। एक विधायक ने कहा था कि अपनी विधानसभा को लंदन बना देंगे। दरअसल दोनों विधायक गुड़गांव और लंदन के विकास की बात कर रहे थे और उनका ये मानना था कि विकास का ये मॉडल वो अपनी विधानसभाओं में भी लाएंगे। मॉडल आया या नहीं आया लेकिन दोनों विधायक डबल इंजन की सरकार में डबल चुनाव जीते और जब बुधवार को गाजियाबाद में तेज बारिश हुई तो पता चला कि गुड़गांव में ही जलभराव हो गया। इस जलभराव को लेकर पूर्व मेयर अशु वर्मा ने वहां के लोगों को ऑफर दिया। अशु वर्मा गाजियाबाद के मेयर रहे हैं और वो इन दिनों सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट के जरिये हिंदुत्ववादी अवतार धारण कर चुके हैं। अच्छी बात ये है कि वो सोशल मुद्दों को लेकर पोस्ट डालते हैं, एक सवाल छोड़ते हैं।

कई बार वो अपनी पोस्ट के जरिये मुखर होते हैं, उनकी सोच में, वाणी में, आचरण में स्पष्टवादिता है। कई बार वो अपनी विचारधारा को लेकर पार्टी और सरकार से अलग दृष्टिकोण भी रखते हैं। आलोचना के दायरे में वो खुद को भी रखते हैं और ये उनका व्यवहार है कि वो अपनी आलोचना को मुस्काराते हुए स्वीकार भी कर लेते हैं।

बरसात के बाद पूर्व मेयर अशु वर्मा की एक पोस्ट आई इस पोस्ट में उन्होंने गुड़गांव में जलभराव के फोटो शेयर किये। न्यूज की कटिंग भी लगाई और फिर उन्होंने गुड़गांव के उस एरिया के जलभराव को साझा किया जहां 100 करोड़ रुपए कीमत के मकान बताए जाते हैं। जल भराव अगर इन इलाकों में भी हो रहा है तो पूर्व मेयर अशु वर्मा जलभराव की इन तस्वीरों के साथ इमोशन में बह गए। उन्होंने जलभराव की पोस्ट फोटो को साझा किया और वहां के लोगों से कहा कि वो गाजियाबाद आ जाएं यहां कानून व्यवस्था बेहतर है और यहां जलभराव नहीं है, अच्छी सड़कें हैं।

### गऊशाला फाटक से लेकर नगर आयुक्त के बंगले का सीन


**करंट क्राइम।** पूर्व मेयर अशु वर्मा का कार्यकाल अच्छा और वो खुद मौकों पर जाते थे। उनके कार्यकाल में कई अहम कार्य हुए, लेकिन जलभराव के मामले में वो भावनाओं में बह गए। अगर वास्तव में गुड़गांव वाले गाजियाबाद आ गए तो बारिश के मौसम में उन्हें आरडीसी जाने से रोकना होगा। क्योंकि गाजियाबाद के इस पॉश इलाके में जलभराव होता है और जब पूर्व मेयर ऑफर दे रहे थे तब नगर निगम के सबसे बड़े अधिकारी नगर आयुक्त के सरकारी आवास के बाहर जलभराव था। अगर बारिश के मौसम में गुड़गांव वाले गऊशाला फाटक पहुंच गए तो वहां अव्यवस्था का नाटक हो जाएगा।

अंडरपास का पानी देखकर पूर्व मेयर का दावा फेल हो जाएगा। नदिया के इस पार से लेकरउस पार तक और लाइन के इस पार से लेकर उस पार तक जलभराव की कहानी है। कमला नेहरूनगर की सड़कों पर आ गए तो सड़कों के गड्ढे गिनने मुश्किल हो जाएंगे। जलभराव तो होता ही है। पूर्व मेयर शायद इस बात से अवगत नहीं है कि इंदिरापुरम से लेकर राजनगर एक्सटेंशन तक जल का भराव हुआ है। लंदन वाली लोनी में पानी की कहानी सब जानते हैं। कहने वाले ने कहा कि हो सकता है कि पूर्व मेयर विषय को किसी ओर तरीके से रखना चाहते हैं और विषय ने कोई और मोड़ ले लिया हो, क्योंकि पूर्व मेयर अशु वर्मा एक ऐसी सख्शियत हैं जो अपनी पार्टी, सरकार और विचारधारा की पूरी केयर करते हैं।

# भाजपा नेता ने भाजपा की महिला पार्षद को सोशल मीडिया पर घेरा

## कहा- मुझे बना दो दस दिन का पार्षद, खिला दूंगा विकास का सवेरा




समस्या समाधान समूह S...
5 online
अगर बिल्डिंगो के रप नहीं होते वै समतल होते तो यह नौबत देखने को नहीं मिलती इसमें पार्षद बेचा...
कोई सुनने वाला ही नहीं है
9:23 pm
BJP Sunil Kumar Sharma
~ G Pandey +91 98737 16929
कोई सुनने वाला ही नहीं है
10 दिन के लिए पार्षद जी को बाहर घूमने के लिए भेज दो और मुझको लेटर दिलवा दो 10 दिन का पार्षद मुझे बना दो 10 दिन में वार्ड 81की जिंदगी सुधार दूंगा अगर कहीं एक बूंद पानी भी दिख जाए बारिश चाहे 50 घंटे तक लगातार पद्धति रहे मात्र 10 दिन के लिए पार्षद बना दो बस फिर देखना कैसे लोगों की आदत सुधारी जाती हे कुछ तो अपने अधिकार टाइट करने पड़ते हैं मानता हूं या पढ़े-लिखे लोग जाते हैं जज हैं नेता हैं लेकिन कानून से बढ़कर कोई नहीं है 10 दिन के लिए लेटर दिलवा दो लिखित में और केवल नगर निगम में घोषित कर दो की 10 दिन के पार्षद सुनील कुमार शर्मा मास्टर जी फिर देखना वार्ड 81 में लोग कैसे खुशी से रहते हैं
9:26 pm

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद नगर निगम की कहानी पानी वाले मामले में अजीब है। यहां जब भी बरसात होती है तो नगर निगम मुख्यालय के सामने जलभराव जाता है और आसपास के क्षेत्रों में लोगों को परेशानी होती है। नगर निगम के सबसे बड़े अधिकारी नगर आयुक्त के सामने जलभराव हो जाता है। जलभराव ना हो इसके लिये निगम पूरी कोशिश करता है। वो नालों की तली झाड़ सफाई भी करवाता है, मगर इसके बावजूद भी जलभराव हो जाता है। ऐसे में विपक्ष अगर सरकार वालों को कोसे तो समझ आता है, लेकिन हिंडन पार में जब जलभराव हुआ तो भाजपा की महिला पार्षद को भाजपा के दिव्यांग प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष ने ही घेर लिया।

उन्होंने यहां ये कहा कि यदि उन्हें दस दिन का पार्षद बना दिया जाए तो वो विकास का सवेरा खिला देंगे। देखने वालों ने हैरानी जताई क्योंकि गाजियाबाद में नगर निगम में भाजपा काबिज है, मेयर भाजपा की हैं और 100 में से 75 पार्षद भाजपा के हैं , लेकिन उसके बावजूद यहां विपक्ष भाजपा है, पक्ष भाजपा है, जय भाजपा है, तय भाजपा है, हार भाजपा है, तकरार भाजपा है। विपक्ष भले ही टैक्स बढ़ोत्तरी के मुद्दे पर इतना मुखर ना हुआ हो, लेकिन भाजपा ने मोर्चा खोल दिया। उन्होंने टैक्स को लेकर विशेष बैठक में बात रखी। सोशल मीडिया पर बात रखी, नगर निगम में अलग से बैठक कर ली और भाजपा के ही पार्षद नीरज गोयल सभी जनप्रतिनिधियों के पास गए और उनका समर्थन मांगा।

अभी ये सब चल रहा है कि इंदिरपुरम में जलभराव होते ही भाजपा दिव्यांग प्रकोष्ठ के महानगर संयोजक सुनील शर्मा आए और उन्होंने फेसबुक पर लिखा कि वह विकास का सूरज उगा देंगे अगर उन्हें दस दिन का पार्षद बना दिया जाए।

उन्होंने खुद लिखा कि मुझे दस दिन का पार्षद बनाया जाए। दरअसल दिव्यांग प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष सुनील शर्मा ये संदेश देना चाहते हैं कि सब लोग सुखी हैं और वो वार्ड की पार्षद को दस दिन की चुनौती दे रहे हैं और कह रहे हैं कि अगर दस दिन उन्हें दिये जाएंगे तो वो जलभराव समाप्त करा देंगे।

### पार्षद को भेज दो आउट ऑफ स्टेशन, फिर मैं दिखाऊंगा नो टेंशन

करंट क्राइम। दिव्यांग प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि दस दिन के लिये पार्षद जी को बाहर घूमने भेज दो। मास्टर जी के नाम से मशहूर सुनील शर्मा ने कहा कि दस के लिये पार्षद जी को बाहर घूमने के लिये भेज दो और मुझको लेटर दिलवा दो। दस दिन का पार्षद मुझे बना दो। दस दिन में वार्ड-81 की जिंदगी सुधार दूंगा। उन्होंने कहा कि अगर कहीं एक बूंद पानी भी दिखाई दे जाए। बारिश चाहे 50 घंटे तक लगातार हो मात्र दस दिन के लिये पार्षद बना दो, बस फिर देखना कैसे लोगों की आदत सुधारी जाती है। कुछ तो अपने अधिकार टाइट करने पड़ते हैं। मानता हूं ये पढ़े लिखे लोग बाहर जाते हैं। जज हैं, नेता हैं, लेकिन कानून से बढ़कर कोई नहीं है। दस दिन के लिये लेटर दिलवा दो, लिखित में और केवल नगर निगम में घोषित कर दो कि दस दिन के पार्षद सुनील कुमार शर्मा मास्टर जी हैं। फिर देखना वार्ड-81 में लोग कैसे खुशी से रहते हैं।

## संपादकीय

# क्षमता में सुधार

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने 1875 में अपनी शुरूआत से लेकर अब तक काफी सफर तय कर लिया है। इसमें समय के साथ काफी सुधार हुआ है और अब यह देश की वैज्ञानिक उन्नति का प्रतीक है। यह अल्पावधि में और दीर्घावधि में मौसम के रुझानों की विशेषज्ञतापूर्वक जानकारी देता है और मौसम से जुड़ी विपरीत घटनाओं को लेकर समय रहते चेतावनी देता है। चूंकि भारत का मौसम विभाग हाल ही में 150 साल का हुआ है, इसकी महत्ता की अनदेखी नहीं की जा सकती है। मौसम का पूवार्नुमान विभिन्न क्षेत्रों के रोजमर्रा के काम में अहम भूमिका निभाता है। इनमें खेती, सड़क और रेल परिवहन, उड़ान संचालन, बिजली संयंत्रों से ऊर्जा उत्पादन का प्रबंधन और यहां तक कि पर्यटन भी शामिल हैं। उदाहरण के लिए आईएमडी हवा के चलने की दिशा और गति बताता है, वह दिन के हिसाब से अधिकतम और न्यूनतम तापमान के ऐतिहासिक आंकड़े भी मुहैया कराता है ताकि सौर और पवन ऊर्जा संयंत्रों को लेकर जगह और डिजाइन का निर्धारण किया जा सके। वर्षा, चक्रवात, लू की चपेट और सूखे का सही अनुमान भी भारत जैसे देशों में आपदा के बेहतर प्रबंधन को लेकर अहम है। पूवार्नुमान का सटीक होना समय के साथ बढ़ता गया। हालांकि अभी भी सुधार की गुंजाइश है। वर्ष1999 में ओडिशा में ह्यसुपर साइक्लोनह्ण के बाद आईएमडी ने लगातार यह प्रयास किया है कि चक्रवात का अनुमान लगाने की उसकी क्षमता में सुधार हो।

वास्तव में चक्रवात को लेकर पूवार्नुमान लगाने की क्षमता 2000 के दशक के आरंभ के 20 फीसदी से बढ़कर 2020 में 80 फीसदी हो चुकी है। इसी प्रकार अतिरंजित मौसम की घटनाओं को लेकर चार–पांच दिन पहले अनुमान लगाने की क्षमता लोगों का जीवन बचाने में बहुत मददगार साबित हो रही है। इसका श्रेय आईएमडी द्वारा ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन, ऑटोमेटिक रेन गेज इंस्ट्रूमेंट्स, डॉप्लर रडार और ऑब्जर्वेटरी जैसी उन्नत तकनीक अपनाने को भी दिया जा सकता है।

स्पष्ट है कि आईएमडी का 150 वर्ष का होना भारत जैसे देश के लिए अहम है क्योंकि वह मौसम और जलवायु परिवर्तन की दृष्टि से तैयार रहना चाहता है। जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम का पूवार्नुमान लगाना और चुनौतीपूर्ण हो गया है। ऐसे में उसकी भूमिका और भी महत्त्वपूर्ण हो गई है। इस संदर्भ में हाल ही में जारी आईएमडी विजन डॉक्यूमेंट 2047 आने वाले वर्षों में अहम खाका पेश करने वाला होगा। जैसा कि दस्तावेज में कहा गया है आईएमडी को मौसम और जलवायु संबंधी सूचनाओं को बेहतर बनाते हुए अतिरंजित मौसम की घटनाओं में लोगों की जान जाने पर नियंत्रण करना होगा। इसमें ग्रामीण और परिवार के स्तर पर अतिरंजित मौसम की घटनाओं का 100 फीसदी पता लगाना, तीन दिन पहले एकदम सटीक पूवार्नुमान लगाना, सात दिन पहले 80 फीसदी तक सटीक अनुमान लगाना और 10 दिन पहले तक 70 फीसदी सटीक अनुमान लगाना शामिल है।

# एलपीजी पर नुकसान की भरपाई करेगी सरकार

## सार्वजनिक तेल कंपनियों को दे सकती है 35 हजार करोड़ तक की सब्सिडी



**नई दिल्ली।** सरकार सार्वजनिक तेल कंपनियों को एलपीजी पर हुए नुकसान के लिए 30 से 35 हजार की सब्सिडी दे सकती है। पिछले 15 महीनों में लागत से कम कीमत पर एलपीजी बेचने पर कंपियों को यह नुकसान उठाना पड़ा है। सरकार सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों को हुए नुकसान के लिए 30 से 35 हजार की सब्सिडी दे सकती है। इंडियन ऑलय कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम (एचपीसीएल) को पिछले 15 महीनों में लागत से कम कीमत पर एलपीजी बेचने के लिए यह भरपाई की जाएगी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वित्त मंत्रालय वास्तविक घाटे और उसकी भरपाई के लिए तंत्र पर काम कर रहा है।

### 14.2 किलो के सिलेंडर में कीमतें 50 रुपये बढ़ी

वित्त वर्ष 2024–25 में उद्योग के लिए एलपीजी बिक्री पर कुल अंडर–रिकवरी लगभग 40,500 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। उत्पाद शुल्क वृद्धि के साथ–साथ, खुदरा रसोई गैस (एलपीजी) की 14.2 किलोग्राम वाले सिलेंडर की कीमत में 50 रुपये की बढ़ोतरी की गई। इससे लागत और खुदरा बिक्री मूल्य के बीच के अंतर को कम करने में मदद मिली, जिससे चालू वित्त वर्ष में घाटे में कमी आई। इससे पहले, सरकार दो वित्तीय वर्षों में कुल 35,000 करोड़ रुपये की एलपीजी सब्सिडी उपलब्ध कराने पर विचार कर रही थी।

### सराकर ने जुटाया 32,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त शुल्क


1 फरवरी को पेश किए गए वित्त वर्ष 2026 (अप्रैल 2025 से मार्च 2026) के केंद्रीय बजट में, सरकार ने ऐसे घाटे की भरपाई के लिए कोई प्रावधान नहीं किया है। हालाँकि, अप्रैल में, सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क बढ़ाकर 32,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व जुटाया। इस अतिरिक्त राजस्व का उपयोग वित्त मंत्रालय एलपीजी की नुकसान की भरपाई के लिए कर सकता है। अधिकारी ने कहा कि तेल विपणन कंपनियां (ओएमसी) सरकारी ढांचे का हिस्सा हैं। मुआवजा दिया जाएगा। हम मूल्यांकन कर रहे हैं कि कितनी वसूली बाकी है और उन्हें मुआवजा देने के तौर–तरीकों पर विचार कर रहे हैं।

### नाकरिकों को ऊंची दरों से बचाने के लिए सरकार उठाती है नुकसान

घरेलू रसोई गैस की कीमतों को सरकार नियंत्रित करती है ताकि नागरिकों को ऊंची बाजार दरों से बचाया जा सके। नियंत्रित कीमतें सऊदी अरब के सीपी से कम हैं। यह घरेलू रसोई गैस की कीमत तय करने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला अंतरराष्ट्रीय मानक है। ऐसा इसलिए है क्योंकि घरेलू रसोई गैस का उत्पादन स्थानीय माँग को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है और ईंधन का आयात करना पड़ता है। इससे ईंधन के खुदरा विक्रेताओं को नुकसान होता है। अतिरिक्त राजस्व से दिया जाएगा मुआवजा अधिकारी ने आगे कहा कि वे इस बात का मूल्यांकन कर रहे हैं कि हाल ही में उत्पाद शुल्क में की गई वृद्धि से प्राप्त राशि को मुआवजे की राशि में कैसे शामिल किया जाए। उन्होंने बताया कि तेल विपणन कंपनियों को मुआवजा भारत के समेकित कोष के माध्यम से दिया जाएगा।

# सरकार एलआईसी में अल्पमत हिस्सेदारी बेचेगी

## सार्वजनिक शेयरधारिता की जरूरत को पूरा करने के लिए कदम




**नई दिल्ली।** सरकार जीवन बीमा निगम (एलआईसी) में और हिस्सेदारी बेचने पर काम कर रही है। सूत्रों के अनुसार विनिवेश विभाग इस सौदे की विस्तृत जानकारी तैयार करेगा। सरकार के पास वर्तमान में एलआईसी में 96.5 प्रतिशत हिस्सेदारी है। उसने मई 2022 में आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से 902-949 रुपये प्रति शेयर के मूल्य बैंड पर 3.5 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची थी। इस शेयर बिक्री से सरकार को लगभग 21,000 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। सूत्रों ने बताया कि सरकार ने ओएफएस मार्ग के माध्यम से एलआईसी में आगे शेयर बिक्री के लिए अपनी मंजूरी दे दी है और इस पर चर्चा अभी प्रारंभिक चरण में है। एक सूत्र ने कहा, बाजार की स्थिति को देखना और हिस्सेदारी बिक्री का फैसला लेना विनिवेश विभाग पर निर्भर है।

सरकार को 16 मई, 2027 तक अनिवार्य 10 प्रतिशत सार्वजनिक शेयरधारिता की आवश्यकता को पूरा करने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की जीवन बीमा कंपनी में 6.5 प्रतिशत हिस्सेदारी और बेचने की आवश्यकता है। सूत्र ने बताया कि हिस्सेदारी बिक्री की मात्रा, कीमत और समय पर निर्णय समय पर लिया जाएगा। एलआईसी का वर्तमान बाजार पूंजीकरण 5.85 लाख करोड़ रुपये है। बीएसई पर एलआईसी के शेयर 924.40 रुपये प्रति शेयर पर कारोबार कर रहे थे, जो पिछले बंद भाव से 2.27 प्रतिशत कम है।

# रोचक तथ्यों का करंट

- पिस्ता आंखों की सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है, क्योंकि इसके सेवन से दृष्टि में सुधार होता है।
- यदि आप वजन कम करने की कोशिश कर रहे हैं, तो पिस्ता खाना शुरू कर दें, क्योंकि इसमें मौजूद प्रोटीन और फाइवर जल्दी भूख नही लगने देते हैं। यह बैड कोलेस्ट्रॉल यानी एलडीएल को कम करता है और गुड एलडीएल को बढ़ाता है। यह मांसपेशियों की ताकत को बढ़ाकर दिल को मजबूत बनाए रखता है।
- इसमें मौजूद विटामिन बी 6 खून में ऑक्सीजन ले जाता है। प्रतिदिन इसके सेवन से खून में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ जाती है व हीमोग्लोबिन भी बढ़ता है।
- इसमें विटामिन–ई और वसा युक्त घुलनशील एन्टी–ओक्सिडेंट होते हैं, जो त्वचा को स्वस्थ बनाए रखने के साथ प्राकृतिक सुंदरता प्रदान करते हैं।
- पिस्ता में मौजूद कैल्शियम, मैग्नेशियम और पोटेसियम हड्डियों को मजबूत करते हैं और हड्डी से संबंधित बीमारी को भी रोकते हैं।
- रोजाना एक कप पिस्ता आवश्यक फॉस्फोरस की 60 फीसदी जरूरत को पूरा करता है। यह डायबिटीज से भी बचाता है।

# भारत-आसियान एफटीए समीक्षा में तेजी की उम्मीद, पीयूष गोयल ने मलेशियाई मंत्री के साथ की चर्चा

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि भारत और आसियान मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की समीक्षा जल्द पूरी होने वाली है। उन्होंने इस मुद्दे के ऊपर मलेशिया के निवेश, व्यापार और उद्योग मंत्री टी. जफरुल अजीज के साथ बैठक की है। भारत और दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्रों के संगठन (आसियान) व्यापार समझौते (एफटीए) की समीक्षा जल्द पूरी होन की उम्मीद है। उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को बताया कि मौजूदा व्यापार समझौते की समीक्षा के लिए आसियान के साथ चर्चा चल रही है और वह वार्ता में तेजी लाने के लिए उत्सुक हैं। समीक्षा से भारत को क्या है उम्मीद समझौते की समीक्षा भारतीय उद्योग की लंबे समय से चली



आ रही मांग है। भारत एक उन्नत समझौते की उम्मीद कर रहा है, जो द्विपक्षीय व्यापार में मौजूदा विषमताओं को दूर करेगा और व्यापार को अधिक संतुलित व टिकाऊ बनाएगा।

### गोयल और टी जफरुल की बैठक


गोयल और मलेशिया के उनके समकक्ष टी. जफरुल अजीज के बीच बैठक के दौरान यह मुद्दा उठा। गोयल ने सोशल मीडिया एक्स पर इससे संबंधित एक पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि मलेशिया के निवेश, व्यापार और उद्योग मंत्री टी. जफरुल अजीज के साथ सार्थक बैठक हुई। मलेशिया, आर्थिक मामलों पर आसियान में भारत का स्थायी समन्वयक है। उन्होंने आगे कहा कि हमने दोनों देशों के बीच व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सीईसीए) पर चर्चा को आगे बढ़ाने पर भी चर्चा की।

### चुनौतियों के समाधान पर हुई चर्चा

मंत्रियों ने आसियान भारत वस्तु व्यापार समझौते (एआईटीआईजीए) की चल रही समीक्षा और उससे जुड़ी चुनौतियों के समाधान पर चर्चा की। यह टिप्पणी इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि समीक्षा वार्ता धीमी गति से आगे बढ़ रही है।

# 11 07 2025 करंट क्राइम

## सेलेब्रिटी जन्मदिन




अरविन्द कुमार शर्मा
शहरी विकास मंत्री,
उत्तर प्रदेश

## जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन


हिमांशु


मिस्का


रूही


तमन प्रीत छाबरा


सृष्टि


वर्षा गुप्ता


एड. ज्योति शर्मा


अनमोल बंसल


महेन्द्र मिश्रा


पवन शर्मा


श्रवण सूद


विनोद शर्मा


दिनेश कुमार


कमल सिंह जाटव


नितिन खेड़ा



कबीर


मानस झा


कर्मजीत यादव


जेपी कुमार


अमित भारद्वाज


अजय बिच्छल


ब्रिजेश कुमार


संतराम सिंह


मनीष त्यागी


लोकमित्रा गोतम


विनायक राजहंस

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# राशिफल

**मेष :** आप अपना आत्मविश्वास फिर से हासिल करेंगे और पूरे समर्पण के साथ काम में लगे रहेंगे जिससे सकारात्मक विकास होगा।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। परिवार का पूरा प्यार और सहयोग मिलेगा। पुरानी यादों को ताजा करने से आप काफी खुश महसूस करेंगे।

**मिथुन :** कार्यक्षेत्र में आपकी मान–प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी और मान–सम्मान में वृद्धि होगी। गृहस्थ जीवन में आज कुछ उतार–चढ़ाव आ सकता है।

**कर्क :** मित्रों या रिश्तेदारों को आपकी कमी महसूस हो सकती है। आपकी कुछ अच्छी बैठकें हो सकती हैं और कुछ अवसरों पर कुछ धन लाभ भी हो सकता है।

**सिंह :** व्यवसायी नई योजनाओं और साझेदारी में प्रवेश कर सकते हैं। वेतनभोगी लोग बैठकों में भाग लेंगे जिससे उन्हें तरक्की मिलेगी।

**कन्या :** आज व्यापार में अचानक धन लाभ का अवसर प्राप्त होगा. ऑफिस में कुछ सहकर्मी आपके काम में आपका साथ देंगे, जिससे आपका काम जल्द ही पूरा हो जाएगा।

**तुला :** नए रिश्तों से निकटता आपके लिए फायदेमंद रहेगी. उत्साह और प्रसन्नता में वृद्धि होगी। नौकरी के क्षेत्र में साथ काम करने वालों का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक :** साथ में काम करने वाले कुछ लोग आपके लिए मददगार हो सकते हैं। जिनसे आपने शायद ही कोई उम्मीद दी हो वो आज आपकी मदद कर सकते हैं।

**धनु :** अपने विचारों को दूसरों के सामने व्यक्त करने में आपको कठिनाई हो सकती है। अगर आप परिवार में सबसे छोटे हैं तो बड़े भाई–बहनों का पूरा सहयोग मिलेगा।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहेगा। ऑफिस में अतिरिक्त काम करने से रुके हुए काम जल्दी पूरे हो सकते हैं। किसी भी विवाद में पड़ने से बचना चाहिए।

**कुंभ :** आज आपका पारिवारिक जीवन सौहार्दपूर्ण रहेगा. जीवन की सबसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में आपको अपने जीवन साथी का पूरा सहयोग मिलेगा।

**मीन :** आज आपकी जिम्मेदारी बढ़ सकती है। नौकरी में सब कुछ सामान्य रखने के लिए आपको अपने स्तर पर कुछ प्रयास करने चाहिए।

# चुटकुले

पहला दोस्त – खुशी और अफसोस की मिक्स फीलिंग कब आती है...?
दूसरा दोस्त – मुझे क्या पता, तू ही बता दे।
पहला दोस्त – जब स्कूल में साथ पढ़ी हुई लड़की बोल दे कि
मैं उन दिनों तुमको बहुत पसंद करती थी...!

---

दो महिलाएं आपस में बात कर रही थी...
बेलन भी एक विचित्र यंत्र है...
जिससे रोटी गोल होती है
और पति सीधा...!

---

आदमी ही आदमी का स्वभाव जानता है...
जैसे कि
ग्राहक – एक लेडिज ड्रेस चाहिए...!
दुकानदार – बीवी के लिए चाहिए या
कोई और अच्छी सी दिखाऊं...!

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया–पाया, संबंध–विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के–2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364
सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# पोलैंड रेस फतह कर जॉन ग्वाइट ने रचा इतिहास

## बनाया भारत का नया साइकिलिंग रिकॉर्ड

**- कई बाधाओं को पार करते हुए 3,600 किलोमीटर की दूरी 237 घंटे में पूरी की।**





**नई दिल्ली।** भारत के अल्ट्रा-एंड्योरेंस साइकिलिस्ट जॉन ग्वाइट ने इतिहास रचते हुए दुनिया की सबसे चुनौतीपूर्ण साइकिलिंग स्पधाओं में से एक रेस अराउंड पोलैंड ( आरएपी ) को 10 दिनों से भी कम समय में पूरा कर नया राष्ट्रीय कीर्तिमान रच डाला। ग्वाइट ने कई बाधाओं को पार करते हुए 3,600 किलोमीटर की दूरी 237 घंटे में पूरी की। उन्होंने इसके लिए कुल नौ दिन और 21 घंटे का समय लिया है। ग्वाइट ने रेस पूरी करके 274 घंटे के पिछले भारतीय रिकॉर्ड को तोड़ा। वह 10 दिन से कम में इस रेस को पूरा करने वाले देश के पहले साइकिलिस्ट हैं।

### बिना सहायता के पूरी की रेस

ग्वाइट ने अन्य प्रतिभागियों की तरह अकेले और बिना किसी सहायता के प्रतिस्पर्धा की। रेस के दौरान साइकिलिस्टों को कोई टीम कार या कोई बाहरी सहायता नहीं दी गई थी। यह रेस इस वजह से भी कठिन हैं, क्योंकि रेस में दुर्गम रास्तों से गुजरते हुए 31 हजार मीटर की ऊंचाई तक जाना होता है। यह रेस एक अन्य कठिन साइकिलिंग स्पर्धा रेस अक्रॉस अमेरिका के लिए एक क्वालिफायर इवेंट भी है।

> आरएपी ने हमारी शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक, हर क्षमता की परीक्षा ली। यह ऐसा अवसर था, जहां साबित करना था कि एक भारतीय विश्व स्तर पर कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा हो सकता है।
>
> –जॉन ग्वाइट

### ग्वाइट के नाम हैं कई उपलब्धियां

ग्वाइट ट्रांस हिमालयन रेस को 62 घंटे में पूरा कर चुके हैं। उन्होंने कश्मीर से कन्याकुमारी तक दूरी भी पार की है। पेरिस से ब्रेस्ट और पेरिस की 1229 किलोमीटर की दूरी को उन्होंने 59 घंटे 29 मिनट में पूरा किया।

# आईसीसी ने महिला टी20 विश्व कप 2026 के अभ्यास मैचों के लिए तीन स्थान चुने



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ( आईसीसी ) ने अगले साल ( 2026 ) 12 जून से इंग्लैंड में होने वाले महिला टी20 विश्व कप से पहले अभ्यास मैचों की मेजबानी के लिए तीन स्थलों का चयन किया है जिसमें कार्डिफ के सोफिया गार्डन्स और डर्बी काउंटी मैदान भी शामिल हैं। तीसरा स्थल लॉफबोरो विश्वविद्यालय है जो इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ( ईसीबी ) के नेशनल क्रिकेट परफोरमेंस सेंटर का मुख्यालय है।

आईसीसी ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि अभ्यास मैचों का कार्यक्रम उचित समय पर घोषित किया जाएगा। आईसीसी की विज्ञप्ति में कहा गया है, 'इन तीनों स्थानों का क्रिकेट इतिहास समृद्ध रहा है और इन्होंने महिला क्रिकेट को वैश्विक मंच पर आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। टूनार्मेंट शुरू होने से पहले वे स्थानीय प्रशंसकों को एलीट महिला क्रिकेट दिखाने में प्रमुख भूमिका निभाएंगे।'

इंग्लैंड और वेल्स में खेले जाने वाले महिला टी20 विश्व कप में 12 टीमें ट्रॉफी के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। 24 दिन तक चलने वाले इस टूनार्मेंट में सात स्थानों पर कुल 33 मैच खेले जाएंगे जिसका फाइनल पांच जुलाई को लॉर्ड्स में होगा। सभी मैच इंग्लैंड के सात स्थानों पर खेले जाएंगे। टूनार्मेंट का पहला मैच इंग्लैंड मेजबान इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच 12 जून को होगा। एजबेस्टन के अलावा मैच हैम्पशायर बाउल, हेडिंग्ले, ओल्ड ट्रैफर्ड, द ओवल, ब्रिस्टल काउंटी मैदान और लॉर्ड्स पर खेले जाएंगे। दो सेमीफाइनल 30 जून और दो जुलाई को ओवल में होंगे जबकि फाइनल पांच जुलाई को लॉर्ड्स में होगा।

टूनार्मेंट में शामिल होने वाली 12 टीमों को छह-छह टीमों के दो ग्रुप में रखा गया है। ग्रुप एक में छह बार की विजेता ऑस्ट्रेलिया, पिछले चरण की उपविजेता दक्षिण अफ्रीका, भारत, पाकिस्तान और दो क्वालिफाइंग टीम शामिल हैं। वहीं ग्रुप दो में गत विजेता न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज, श्रीलंका, मेजबान इंग्लैंड और दो क्वालीफाइंग टीम शामिल हैं। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगी।

# विश्व दिव्यांग दिवस पर दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुरस्कार के लिए करें आवेदन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अंशुल चौहान जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने अवगत कराया कि प्रत्येक वर्ष 3 दिसम्बर को विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों / संस्थाओं को राज्य / राष्ट्र स्तरीय पुरस्कार दिये जाते हैं, जिसके निमित्त दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा राज्य स्तरीय पुरस्कार नियमावली 2017 प्रख्यापित की गयी है। नियमावली में 12 विभिन्न श्रेणियों में पात्रता रखने वाले उन सभी इच्छुक अभ्यर्थी / संस्था आवेदन पत्र कार्यालय से प्राप्त करते हुए आवेदन पत्र का पूर्ण विवरण / संलग्नक अभिलेखों के साथ कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कमरा नं0 131 विकास भवन कलक्ट्रेट कम्पाउड, राजनगर जनपद गाजियाबाद में 15 जुलाई 2025 तक प्राप्त कराने का कष्ट करें, अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्यदिवस में कक्ष संख्या 131 विकास भवन राजनगर में अथवा 8791491011 पर वाटसएप हेल्पलाइन नंबर पर मैसेज के माध्यम से जानकारी प्राप्त की जा सकती है। पुरस्कार के लिए दक्ष दिव्यांग कर्मचारी / स्वनियोजित दिव्यांगजन के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार। दिव्यांगजन हेतु सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता तथा सर्वश्रेष्ठ प्लेसमेन्ट अधिकारी या एजेंसी के लिए सेवायोजकों को राज्य स्तरीय पुरस्कार। दिव्यांगजन के निमित्त कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति तथा सर्वश्रेष्ठ संस्था के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार। प्रेरणास्त्रोत हेतु राज्य स्तरीय पुरस्कार। दिव्यांगजन के जीवन सुधारने के निमित्त सर्वश्रेष्ठ नवीन अनुसंधान या उत्पाद विकास के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार। दिव्यांगजन हेतु बाधा मुक्त वातावरण के सृजन हेतु सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार। दिव्यांगजन को पुनर्वास सेवायें प्रदान करने वालें सर्वश्रेष्ठ जिला के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार। सर्वश्रेष्ठ सृजनशील दिव्यांग वयस्क व्यक्तियों एवं सर्वश्रेष्ठ बालक/बालिका हेतु राज्य स्तरीय पुरस्कार। सर्वश्रेष्ठ ब्रेल प्रेस के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार। दिव्यांगजन के लिए सर्वोत्तम अनुकूल वेबसाइट हेतु राज्य स्तरीय पुरस्कार। सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग खिलाडियों के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार। दिव्यांगजन के सशक्तीकरण हेतु कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार, की श्रेणिया निर्धारित है।

# जनपद में किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध : कृषि अधिकारी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जनपद में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है। अनुदानित उर्वरकों ( यूरिया, डी०ए०पी० एवं एन०पी०के० ) का वितरण पोस मशीन के माध्यम से कृषक की जोत / फसलों में उर्वरकों की संस्तुत मात्रा के अनुसार किया जा रहा है। जनपद में सहकारी एवं निजी क्षेत्र में यूरिया सहित अन्य उर्वरकों की कोई कमीं नहीं है। जनपद में 3325 मै०टन यूरिया, 367 मै०टन डी0ए0पी0, 258 मै०टन एन०पी०के० एवं 679 मै०टन एस०एस०पी० जनपद में उपलब्ध है। जनपद में क्रियाशील सहकारी समितियों पर कुल 803 मै०टन यूरिया तथा 158 मै०टन डी०ए०पी० स्टॉक उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त पी०सी०एफ० बफर गोदाम में 655 मै०टन यूरिया का स्टॉक उपलब्ध है। जिसका सुचारू रूप से वितरण कराया जा रहा है। बिक्री के संबन्ध में कहीं भी किसी भी स्तर से ओवररेटिंग एवं टैगिंग की शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। रैक प्वाईट से उर्वरक नियमित रूप से प्राप्त हो रहा है। कृषकों में उर्वरक की मांग को दृष्टिगत रखते हुए कृषकों को निर्धारित दरों पर उनकी जोत–बही के अनुसार संस्तुत मात्रा में गुणवत्ता युक्त उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गये हैं।

# शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के लिए पात्र दिव्यांग दंपति करें आवेदन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अंशुल चौहान, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने अवगत कराया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित दिव्यांग शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना का लाभ लेने हेतु ऐसे दिव्यांगजन जिनका विवाह 1 अप्रैल 2024 के बाद हुआ हो वे दिव्यांग दंपति आवेदन कर सकते हैं। उक्त योजनान्तर्गत दंपति में युवक के दिव्यांग होने की दशा में रुपए 15 हजार व दंपति में युवती के दिव्यांग होने की दशा में रुपए 20 हजार तथा पति एवं पत्नी दोनों के दिव्यांग होने की दशा मे रुपए 35 हजार की एक मुफ्त धनराशि पति-पत्नि दोनो के संयुक्त खाते मे भेजी जायेंगी। जो दिव्यांगजन शादी-विवाह प्रोत्साहन योजना का लाभ लेना चाहते है उन्हें निम्न अभिलेखों के साथ दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की वेबपोर्टल http//divyangjan.upsdc.gov.in पर स्वप्रमाणित कर आनलाईन आवेदन अपलोड कराकर अथवा हार्ड कापी निम्न समस्त सलंग्नको के साथ कार्यालय दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग विकास भवन कलक्ट्रेट कम्पाउड कमरा नं0-131 मे जमा कर सकते हैं।


जिसमें दिव्यांगता प्रदर्शित करता हुआ नवीनतम संयुक्त फोटो। विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र( यदि हो तो )। दंपति में से कोई भी सदस्य आयकर दाता न हो। युवक व युवती का आयु प्रमाण पत्र ( जिसमे जन्म तिथि का अंकन हो )। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र के अनुसार दिव्यांगता 40 प्रतिशत या उससे अधिक होनी चाहिए। राष्ट्रीयकृत बैंक में संचालित संयुक्त बैंक खाता पासबुक। अधिवास ( निवास ) का प्रमाण पत्र। युवक व युवती के आधार कार्ड / वोटर आई डी कार्ड की छाया प्रति। शादी के समय युवक की आयु 21 वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक न हो तथा युवती की आयु 18 वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक न हो। ऐसे दिव्यांग दम्पति पात्र होंगे जिनका विवाह 01 अप्रैल 2024 के बाद सम्पंन हुआ हो। अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्यदिवस में संम्पर्क कर सकते हैं।

# दुकान निर्माण/संचालन योजनान्तर्गत प्रति लाभार्थी को वित्तीय सहायता, करें आवेदन

गाजियाबाद, करंट क्राइम। अंशुल चौहान जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने अवगत कराया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित दुकान निर्माण/संचालन योजनान्तर्गत प्रति लाभार्थी को वित्तीय सहायता के रूप में 10000.00 ( दस हजार ) मात्र की धनराशि दी जाती, इसमें रू 7500.00 की धनराशि 4 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज की दर पर ऋण के रूप में तथा रु 2500.00 की धनराशि अनुदान के रूप में। उक्त योजना का लाभ प्राप्त किये जाने हेतु निम्नवत पात्रता निर्धारित की गयी है। सभी इच्छुक / पात्रता रखने वाले दिव्यांगजन अपना आवेदन पत्र निम्न अभिलेखों के साथ वेबसाइट http://divyangjandukan.Upsdc.gov.in पर आनलाइन आवेदन करते हुए स्वप्रमाणित कर हार्ड कापी निम्न समस्त सलंग्नको के साथ कार्यालय दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग विकास भवन राजनगर, गाजियाबाद कमरा नं0–132 जमा कर सकते है। दिव्यांग आवेदक की दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाला नवीनतम फोटो हो। दिव्यांग का आयु प्रमाण पत्र, जिसमें जन्म तिथि का अंकन ( 18 वर्ष से कम व 60 से अधिक न) हो। दिव्यांग व्यक्ति की न्यूनतम दिव्यांगता 40 प्रतिशत दिव्यांग प्रमाण पत्र हो। दिव्यांग व्यक्ति के परिवार की वार्षिक आय समय–समय पर शासन द्वारा गरीबी रेखा के लिए निर्धारित आय सीमा के दो गुने से अधिक न हो। दिव्यांग व्यक्ति का अपने किसी नजदीकी राष्ट्रीयकृत बैंक का खाता हो। दिव्यांग व्यक्ति का आधार कार्ड, जाति व अधिवास प्रमाण पत्र हो। जो किसी आपराधिक अथवा आर्थिक मामलों मे सजा न पाए हो तथा जिनके विरूद्ध किसी प्रकार की सरकारी धनराशि देय न हो। राष्ट्रीयकृत बैंक मे संचालित बैंक खाता पासबुक। आधार कार्ड की छाया प्रति व 01 गारन्टर। अधिक जानकारी के लिए 8791491011 पर वाटस्एप हेल्पलाइन नंबर पर मैसेज के माध्यम से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# जोकोविच रिकॉर्ड 14वीं बार सेमीफाइनल में पहुंचे, कोबोली को कठिन मैच में हराया, अब सिनर से होगा सामना





**सर्बिया।** सर्बिया के नोवाक जोकोविच विंबलडन के पुरुष एकल के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में 22वीं वरीयता प्राप्त फैबियो कोबोली को मुश्किल मुकाबले में 6-7, 6-2, 7-5, 6-4 से हराया। यह जोकोविच का विंबलडन में रिकॉर्ड 14वां सेमीफाइनल होगा। इस टूनार्मेंट में उनसे ज्यादा सेमीफाइनल मैच किसी ने नहीं खेला है। जोकोविच की नजर आठवीं बार विंबलडन जीतकर रोजर फेडरर की बराबरी करने पर है। सेमीफाइनल में जोकोविच का सामना विश्व नंबर एक यानिक सिनर से होगा। सिनर ने क्वार्टर फाइनल में बेंजामिन शेल्टन को 7-6, 6-4, 6-4 से हराया। वहीं, पुरुष एकल के दूसरे सेमीफाइनल में कार्लोस अल्काराज का सामना टेलर फ्रिट्ज से होगा। अल्काराज कैम नॉरी को 6-2, 6-3, 6-3 से हराकर और फ्रिट्ज खाचानोव को 6-3, 6-4, 1-6, 7-6 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंचे। वहीं, महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में बेनचिच ने सातवीं वरीयता प्राप्त आंद्रीवा को 7-6, 7-6 से हराया, जबकि इगा स्वियातेक ने सैमसोनोवा को 6-2, 7-5 से शिकस्त दी। इससे पहले अंतिम-आठ में एनिसिमोवा ने पावल्यूचेनकोवा को 6-1, 7-6 से और शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका ने सिएजमुंड को 4-6, 6-2, 6-4 से शिकस्त दी थी। महिला एकल के पहले सेमीफाइनल में अरिना सबालेंका का सामना अमांडा एनिसिमोवा से और दूसरे सेमीफाइनल में बेलिंडा बेनचिच का सामना इगा स्वियातेक से होगा।

कोबोली ने क्वार्टर फाइनल में जोकोविच को कड़ी टक्कर दी। पहला सेट कोबोली ने टाई ब्रेकर ( 8/6 ) 7-6 से अपने नाम किया। इसके बाद दूसरे सेट में इटली के कोबोली को जोकोविच ने आसानी से 6-2 से हरा दिया। तीसरे सेट में 22वर्षीय कोबोली ने फिर जोकोविच को कड़ी टक्कर दी और सर्बियाई खिलाड़ी ने 7-5 से यह सेट अपने नाम किया। चौथे और आखिरी सेट में जोकोविच ने 6-4 से जीत हासिल कर मुकाबला अपने नाम किया। इस मैच को देखने के लिए जोकोविच के बच्चे भी दर्शक दीर्घा में मौजूद थे। जोकोविच ने उनके लिए खास जेस्चर भी किया। मैच के बाद जोकोविच ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर कोबोली की जमकर तारीफ की। उन्होंने लिखा- कोबोली के लिए मेरे मन में काफी सम्मान है। वह शानदार खिलाड़ी हैं और उनका भविष्य उज्जवल है। मेरे लिए...मैं अभी खत्म नहीं हुआ हूं। सेमीफाइनल मैं आ रहा हूं। जोकोविच 10वीं बार इटली के सिनर से भिड़ेंगे। सिनर ने इससे पहले जोकोविच पर लगातार चार जीत हासिल की है और दोनों के बीच आमने-सामने टक्कर में पांच मैच सिनर ने और चार मैच जोकोविच ने जीते हैं। सिनर ने हाल ही में फ्रेंच ओपन सेमीफाइनल में सीधे सेटों में जीत हासिल की थी।

हालांकि, जोकोविच ने 2022 और 2023 में विंबलडन में घास वाली सतह पर सिनर पर अपने पिछले दोनों मैच जीते हैं। सिनर से मुकाबले को लेकर जोकोविच ने कहा, 'मैं रोलां गैरोस के सेमीफाइनल में सिनर से सीधे सेटों में हार गया था। मुझे लगता है कि मैंने कड़ी टक्कर दी थी। मैं बेहतर खेल सकता था, लेकिन जब महत्वपूर्ण क्षण थे तो सिनर बेहतर खिलाड़ी थे। इसलिए मुझे एक और मौका मिला है। मेरे लिए यही सबसे ज्यादा मायने रखता है। ग्रैंड स्लैम के अंतिम चरण में होना और अभी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के खिलाफ खेलना। सिनर और अल्काराज आज टेनिस के लीडर हैं। मैं निश्चित रूप से इससे बड़ी चुनौती नहीं मांग सकता। मैं इसके लिए तत्पर हूं।'

# कांग्रेस सेवा दल का संगठन सृजन बैठक नंदग्राम में आयोजित





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कांग्रेस सेवादल की मेरठ मंडल की संगठन सृजन की समीक्षा बैठक एसबीएन डिग्री कॉलेज उत्तरांचल नगर नंदग्राम में हुई। मुख्य अतिथि राष्ट्रिय सचिव एवं पश्चिम जोन प्रभारी अरविन्द पाल, पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष अनिल देव, यंग बिग्रेड सेवादल पश्चिम अध्यक्ष ऋषभ राणा, और अतिथि पूर्व प्रदेश महासचिव डॉक्टर संजीव शर्मा, पूर्व प्रदेश सचिव नसीम खान सहित सभी अतिथियों का जिला अध्यक्ष सेवादल सुनील शर्मा ने फूलों की माला से एवं गुलदस्ता देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव एवं प्रभारी अरविंद पाल को सूत की माला पहनाकर प्रदेश सचिव प्रेम प्रकाश चीनी ने गाजियाबाद आगमन पर स्वागत किया।

अरविंद पाल, अनिल देव त्यागी, डॉ संजीव शर्मा, नसीम खान, पूर्व मेयर प्रत्याशी पुष्पा रावत, सेवादल प्रदेश महासचिव तरुण रावत, प्रदेश सचिव प्रेम प्रकाश चीनी, ऑल इंडिया सेवादल कोऑर्डिनेटर विदिशा शर्मा, सेवादल महिला जिला अध्यक्ष संगीता त्यागी और सभी ने संगठन सृजन पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर संगठन सृजन की बैठक में सुनील उपाध्याय, हरेंदर शर्मा, सोनम खान, लेखराज, सुरेश दौसा, महानगर महासचिव वली हसन, महानगर महासचिव फहीम खान, गाजियाबद यंग बिग्रेड सेवादल के अध्यक्ष दानिश सैफी, यंग ग्रेट महानगर अध्यक्ष भारत गुप्ता, प्रदेश यंग बिग्रेड सचिव कादर भाई, सहित सेकंडों पदाधिकारी और सेवा दल कार्यकर्ता ऊपस्थित रहे।

# गुरु पूर्णिमा के अवसर पर जटवाड़ा के वाल्मीकि मंदिर में कार्यक्रम आयोजित





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर जटवाड़ा के वाल्मीकि मंदिर में भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल की उपस्थिति में भगवान महर्षि वाल्मीकि की पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर मंदिर के संतोष को माला अर्पण कर सम्मानित किया और भगवान वाल्मीकि चित्र के समक्ष पूजा की अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय महामंत्री अनुसूचित मोर्चा प्रदीप चौहान वाल्मीकि, शनि वाल्मीकि, नीरज वाल्मीकि, जॉनी वाल्मीकि, मनोज लाला, कर्मवीर वाल्मीकि आदि वाल्मीकि समाज के कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर भाजपा की तरफ से राजू पंचाल, गौरव चोपड़ा, बॉबी त्यागी, विनोद कसाना आदि भाजपा के नेता का उपस्थित रहे। गुरु पूजा का महत्व बताते हुए गोयल ने कहा कि वाल्मीकि भगवान दुनिया के सनातन संत हैं उनकी लिखी रामायण से पूरी दुनिया का मार्गदर्शन होता है। मैं इस अवसर पर आप सभी से आग्रह करूंगा की गुरु पूर्णिमा के महत्व को समझें और गुरु जो भगवान का रास्ता दिखाते हैं उनको अपने जीवन में स्वीकार करें।

# ज्ञानपीठ केन्द्र के प्रांगण में गुरु पूर्णिमा पर कार्यक्रम आयोजित



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** ज्ञानपीठ केन्द्र 1, स्वरूप पार्क जी0 टी0 रोड साहिबाबाद के प्रांगण में गुरुवार को लोक शिक्षण अभियान ट्रस्ट पंजीकृत द्वारा गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर संस्था के संस्थापक/अध्यक्ष राम दुलार यादव के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हुकुम सिंह, राजेन्द्र सिंह ने भजन और राष्ट्र गीत सुना सभी को आत्मविभोर कर दिया। इस अवसर पर जरुरतमंद छात्र, छात्राओं को पुस्तकें भेंट की गईं।

राम दुलार यादव ने कहा कि गुरु पूर्णिमा का आयोजन इसलिए होता है कि गुरु, शिष्य के अन्दर व्याप्त कालिमा, ईर्ष्या द्वेष को मिटा सही मार्ग पर ले जाया जा सके। आज हमें अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि जितने ही ज्यादा गुरु भारत माता की गोद में जन्म ले सामाजिक परिवर्तन, धार्मिक परिवर्तन, अध्यात्म में लगे हैं कि मानवता का कल्याण हो, उतना ही अनाचार, अन्याय, भ्रष्टाचार, झूठ और लूट का वातारण यहाँ बन रहा है। इन बुराइयों से देश को बचाने के लिए सच्चे और अच्छे मार्ग दर्शक की अति आवश्यकता है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल रहे राम दुलार यादव, सी0 पी0 सिंह, डा0 देवकर्ण चौहान, सम्राट सिंह, एस0 एन0 जायसवाल, वीर सिंह सैन, हाजी मोहम्मद सलाम, राजपाल यादव, मुनीव यादव, हरिकृष्ण, शिवम पाण्डेय, राजीव गर्ग, प्रेम चन्द पटेल, शीतल यादव, अंकित, विक्रम सिंह, सुभाष यादव आदि।

# रजिस्ट्री नामांतरण आदि समस्याओं को लेकर युवक कांग्रेस ने किया जीडीए पर प्रदर्शन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इंदिरापुरम, वैशाली, प्रताप विहार, संजय नगर, तुलसी निकेतन, नंदग्राम, लाजपत नगर सहित अन्य कालोनियों में निवास करने वाले हजारों लोगों की रजिस्ट्री, नामांतरण एवं फाइलों की समस्या को लेकर आज गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ( जीडीए ) के खिलाफ ज़िला युवक कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन किया।

युवक कांग्रेस के ज़िला अध्यक्ष आसिफ सैफी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता एवं स्थानीय निवासी पुराने बस अड्डा चौराहा पर एकत्रित हो कर जीडीए कार्यालय के गेट पर विरोध प्रदर्शन किया और जीडीए उपाध्यक्ष के नाम एक ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि जब तक शहरवासियों को न्याय नहीं मिलेगा, तब तक यह आंदोलन निरंतर जारी रहेगा। पूर्व मंत्री सतीश शर्मा ने भी प्रदर्शन में भाग लेते हुए कहा कि यह मुद्दा केवल रजिस्ट्री का नहीं, बल्कि आम जनता के अधिकारों का है, जिसे जीडीए द्वारा लंबे समय से दबाया जा रहा है।

युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष आसिफ सैफी ने बताया कि जीडीए की आवासीय कालोनियों में रहने वाले लोगों की समस्याओं की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। फाइल इन कार्यालय से गए गायब या नष्ट हो रही है। पॉवर ऑफ अटॉर्नी के सत्यापन में आर्थिक शोषण किया जा रहा है मूल आवंटी की अनिवार्य उपस्थित की शर्त लगा दी गई है जिस कारण लोगों को भारी परेशानी हो रही है।

युवक कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि समस्त मांगों का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो अगले चरण में गाजियाबाद में बडा आंदोलन किया जाएगा और बड़े स्तर पर जीडीए का घेराव किया जाएगा। प्रर्दशन में वरिष्ठ नेता उमेश शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष अश्विनी त्यागी, पूर्व प्रदेश सचिव पंकज तंजानिया, एससी एसटी महानगर अध्यक्ष आशीष प्रेमी, वरिष्ठ नेत्री एडवोकेट कमलेश कुमारी, युवक कांग्रेस प्रदेश महासचिव इमरान मलिक, युवक कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ हुमायूं मिर्जा, राजीव गांधी विचार मंच प्रदेश महासचिव डॉ बाबू राम आर्य आदि उपस्थित थे।

# खुली मीट दुकान पर भड़के विधायक नंदकिशोर गुर्जर, प्रशासन को दी कड़ी चेतावनी




**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर गुरुवार को एक कार्यक्रम से लौटते समय जब कांवड़ मार्ग के समीप अमित विहार क्षेत्र से गुजरे, तो उन्होंने देखा कि श्रावण माह और ऑर्डिनेंस के बावजूद मीट की दुकान खुली हुई है। इस पर विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने नाराजगी जताते हुए इसे गंभीर प्रशासनिक लापरवाही बताया। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि श्रावण जैसे पवित्र माह में कांवड़ मार्ग समीप मांसाहारी दुकानों का खुला होना न केवल धार्मिक भावना का अपमान है, बल्कि प्रशासन की लापरवाही का उदाहरण भी है, जो कदापि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी से वार्ता कर फूड इंस्पेक्टर व संबंधित अधिकारियों पर कार्यवाही कराई जाएगी। साथ ही स्पष्ट चेतावनी दी कि जहां कहीं भी मांस की दुकान या होटल खुले पाए जाएंगे, वहां के संबंधित अधिकारी सीधे जिम्मेदार माने जाएंगे।

# 'रन फॉर ग्रीन गाजियाबाद' मैराथन 'ग्रीनाथॉन' का 27 जुलाई को जीडीए करेगा आयोजन

## पर्यावरण के प्रति लोगों में जागरूकता के लिए मैराथन का लिया गया निर्णय : अतुल वत्स




### मैराथन के विजेता महिला/पुरुषों को नगद धनराशि और मेडल ट्रॉफी से किया जाएगा सम्मानित

करंट क्राइम। प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने बताया कि इस मैराथन में विजेताओं को नगद धनराशि से भी सम्मानित किया जाएगा। 21.1 किलो मीटर मैराथन में विजेता महिला एवं पुरुषों को 21 हजार की धनराशि से सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ साथ प्रथम रनर को 11 हजार एवं द्वितीय रनर को 5100 रुपए एवं 10 किलो मीटर की मैराथन में विजेता महिला एवं पुरुषों को 11 हजार एवं प्रथम रनर को 5100 और द्वितीय रनर को 3100 एवं 5 किलो मीटर की मैराथन में विजेता महिला एवं पुरुषों को 5100 तथा प्रथम रनर को 3100 और द्वितीय रनर को 2100 नगद धनराशि से सम्मानित किया जाएगा।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण 27 जुलाई को मैराथन का आयोजन करेगा। 28 जुलाई को चूंकि विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस है, इसको ध्यान मे रखते हुए एक दिन पहले मैराथन ' ग्रीनाथॉन ' की थीम 'रन फॉर ग्रीन गाजियाबाद' रखा गया है। इस मैराथन से प्रत्येक उम्र के लोग जुडे सकें इसके लिए इसे चार अलग श्रेणियों में रखा गया है, अर्थात 21.1 किलो मीटर, 10 किलो मीटर, 5 और 3 किलो मीटर फन रन।

### सिटी फारेस्ट से होगी मैराथन की शुरुआत, हिंडन नदी के किनारे होगा वृक्षारोपण

करंट क्राइम। इस मैराथन की शुरुआत सिटी फारेस्ट से की जाएगी, एलीवेटेड रोड होते हुए मार्ग तय किया गया है। इस दिवस पर हिंडन नदी के किनारे वृक्ष भी लगाए जाएंगे। मैराथन में हिस्सा लेने वालों को टी शर्ट, मैडल तथा सार्टिफिकेट भी उपलब्ध कराए जाएंगे। प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने बताया कि पिछले कुछ समय में एनसीआर में वायु प्रदूषण की समस्या बढ रही है। ऐसे में महसूस किया कि समय की सबसे बड़ी आवश्यकता पर्यावरण के प्रति जागरूक करने की है। इसी का देखते हुए प्राधिकरण के द्वारा मैराथन के आयोजन का निर्णय लिया गया है, ताकि समाज के हर वर्ग की इसमें भागेदारी सुनिश्चित हो सकें। उन्होंने जोर दिया कि इस मैराथन में किसी भी संस्था, आरडब्लूए एवं दूसरे संगठनों के द्वारा भी भागेदारी सुनिश्चित की जा सकती है।




### मेयर करें इतनी केयर कि जोन दफ्तर के बाहर लगवा दें अपना बोर्ड

हाउस वाले टैक्स के इजाफे का मामला थम नहीं रहा है। निगम वाले सदन की स्पेशल बैठक बुला ली और मौहल्लों वाली पंचायत में लोकसभा वाले भी पहुंचे और विधानसभा वाले भी पहुंचे। सर्वसम्मिति हुई और निगम के सदन की मुखिया ने प्रस्ताव निरस्त की घोषणा की। लेकिन मौहल्लों में हल्ले तब हो गये जब मोबाईल फोन पर बढ़े हुए टैक्स की राशि के साथ बिल का तकाजा हो गया। फिर से टैक्स वाले मामले में विरोध का इजाफा हो गया। फिर यूं हुआ कि मेयर को प्रेस नोट जारी करना पड़ा और कड़क शब्दों में कहना पड़ा कि हाउस टैक्स नहीं बढ़ा है। इस पूरे सीन पर भाजपा के ही एक्स पार्षद ने फिर से एडवाईज दी। उन्होंने कहा कि बेहतर होगा कि मेयर ने जो कुछ कहा है उस घोषणा के बोर्ड वो नगर निगम जोन के सभी दफ्तरों के बाहर लगवा दें। बोर्ड पर मेयर का फोटो हो और मेयर की घोषणा हो। कम से कम वो आम आदमी तो इस बात को समझ लेगा जो निगम के मोबाईल तकाजे से डर कर इजाफे के साथ बिल भरने पहुंचा है।

### फूल वालों की रामलीला में इस बार चलेंगे एक दूसरे पर भगवा तीर

छोटी सी रामलीला है और बड़ा सा विवाद है। प्लाटनुमा रामलीला मैदान है और प्लान ऐसे हो रहे हैं जैसे रावण सीता को उठाने हैलीकाप्टर से आयेगा। सबसे खास बात ये है कि इस रामलीला में फूल वाले ही आपस में उलझ गये हैं। एक तरफ जाट मुनादी है तो दूसरी तरफ गुर्जर ललकार है। बताने वाले बता रहे हैं कि अब बात राम से ज्यादा खुद की आन पर आ गयी है। वो बता रहे हैं कि इस बार यहां वास्तव में महाभारत हो सकती है। ये भी हो सकता है कि रामलीला के मंच पर फूल वालों की ऐसी महाभारत हो कि लात–घूंसे भी चल जायें। सुना है कि गुर्जर पक्ष से ऐलान हो गया है कि हम ही थे और हम ही रहेंगे। बेकरी वाले चौधरी भी रामलीला के प्रधान हैं और फिलहाल मामला महाभारत वाला चल रहा है। लग रहा है कि एक बार फिर विधायक जी ही फैसला करायेंगे।

### क्यों उखड़ जाता है फ्लावर नेता का जरा–जरा सी बात पर मूड

वो वक्ता बहुत अच्छे हैं और सारे स्टाईल उनके पास बढ़िया वाले हैं। लेकिन बताते हैं कि उनका काबू अपने मूड पर नहीं है। वो अचानक से पता नहीं क्यों जरा सी बात पर रूढ़ हो जाते हैं। देवतुल्यों के बीच ही ये चर्चा चल रही है कि आखिर वो हमारी तुलना किससे कर रहे हैं। एक किस्सा, फिर दूसरा किस्सा और फिर तीसरा किस्सा और इस तरह से किस्सों की एक लड़ी बताई गई और एक वरिष्ठ फ्लावर ने ही पूछ लिया कि आखिर अचानक से वो फायर क्यों हो जाते हैं। हम भी इसी दल के देवतुल्य हैं और कोई हमें हायर के नहीं लाया है। वो दिल के अच्छे हैं और सहज भी रहते हैं लेकिन अचानक से मूड स्विंग हो रहा है और सुना है कि अब उन्होंने जरा जरा सी बात पर सामने वाले की बात भी काटनी शुरू कर दी है। उनका मूड जरा रूड है बाकी सब ठीक है।

# गुरु पूर्णिमा पर 'चुप्पी तोड़-हल्ला बोल' का कार्यक्रम आयोजित






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर 'समाधान अभियान' व 'इंडिया पेस्टिसाइड्स लिमिटेड' के संयुक्त तत्वावधान में 'चुप्पी तोड़ - हल्ला बोल' अभियान के अंतर्गत साहिबाबाद थाने के बाल मित्र केंद्र पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर चौ॰ बिशन सिंह इन्टर कालेज के बच्चों के द्वारा गुरु जनों पर निबन्ध प्रतियोगता का आयोजन किया गया और बाल मित्र केंद्र पर बच्चों और गुरु को बुलाकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। छात्रों द्वारा गुरु वंदना, कविताएं की गईं, जिनमें गुरुओं की भूमिका और बच्चों की सुरक्षा को लेकर महत्वपूर्ण संदेश दिया गया।

इस अवसर पर अक्षय भारद्वाज अध्यक्ष भारत विकास परिषद मुख्य शाखा गाजियाबाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समाधान अभियान की संस्थापक डा सतीश चंद्र पांडे, संस्थापिका अर्चना अग्निहोत्री ने गुरूओं के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु केवल ज्ञान के स्रोत नहीं, बल्कि समाज में नैतिकता, सद्भावना और संस्कारों के संवाहक भी होते हैं। 'चुप्पी तोड़ - हल्ला बोल' जैसे अभियानों में उनका मार्गदर्शन समाज को नई दिशा देने में सहायक है। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में बाल संरक्षण, बाल यौन शोषण और हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाने हेतु जागरूकता फैलाना था, जिसमें गुरुओं की भूमिका को विशेष रूप से रेखांकित किया गया।

# पुलिस कमिश्नर ने नवचयनित पुलिसकर्मियों को किया संबोधित
## पढ़ाया अनुशासन, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का पाठ



### - पुलिस कमिश्नरेट के सभी प्रमुख अधिकारी रहे मौजूद

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में आए नवचयनित पुलिसकर्मियों को पुलिस की व्यवस्था से रू-ब-रू करवाया जाना शुरू हो गया है। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड द्वारा नंदग्राम स्थित क्राइस्ट यूनिवर्सिटी के ऑडिटोरियम में गाजियाबाद में आए नवचयनित पुलिसकर्मियों को संबोधित किया गया। इस दौरान पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की पुलिसिंग व्यवस्था को एक डॉक्यूमेंट्री के जरिए समझाया गया। तो वहीं अपर पुलिस उपायुक्त लाइन के द्वारा आरक्षियों को प्रशिक्षण संबंधी दिशा निर्देश पीपीटी के माध्यम से अवगत कराया गया। इस दौरान पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड द्वारा नवचयनित पुलिसकर्मियों को संबोधित करते हुए अनुशासन, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी जैसे मूल मंत्र बताए गए। तो वहीं किस प्रकार से सोशल मीडिया और जनता के साथ व्यवहार किया जाता है, इसका भी ज्ञान दिया गया है।

### डीसीपी, एडीसीपी और एसीपी रहे मौजूद

करंट क्राइम : नवचयनित पुलिसकर्मियों के लिए आयोजित कार्यक्रम में जहां पुलिस कमिश्नर ने इन्हें संबोधित किया। तो इस कार्यक्रम में एडिशनल सीपी कल्पना सक्सेना, डीसीपी लाइन व ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल, डीसीपी सिटी जोन धवल जायसवाल, डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्रनाथ तिवारी, एडीसीपी प्रोटोकॉल आनंद कुमार, एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्रा, एसीपी अंकुर विहार अजय सिंह, एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। उधर कार्यक्रम स्थल को बेहद शानदार ढंग से आयोजन के लिए सजाया गया था। वहीं यहां की व्यवस्था भी बेहतर बताई गई है। इस पूरे आयोजन की जिम्मेदारी थाना प्रभारी नंदग्राम धर्मपाल सिंह और एसीपी पूनम मिश्रा के नेतृत्व में की गई थी।

## भागवत कथा





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा नेता तथा पूर्व जेल विजिटर चौधरी सुंदर सिंह भाटी के यहां भागवत कथा का आयोजन हो रहा है। दादरी के ग्राम बढ़पुरा में चल रहे भागवत कथा महोत्सव में उत्तराखंड की पूर्व राज्यपाल तथा उत्तर प्रदेश सरकार की कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य पहुंची। उनके पहुंचने पर सुंदर भाटी की माता व अन्य परिजनों ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर दादरी विधायक तेजपाल नागर भी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## गुरु वंदना



गाजियाबाद, करंट क्राइम। साध्वी महंत कैलाश गिरी महाराज ने गुरु पूर्णिमा पर गुरुदेव श्रीश्री 1008 महंत नारायण गिरी महाराज की पूजा–अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।




## दूसरे थानों में भी पहुंच रही हैं थानाध्यक्ष की शिकायतें

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में पुलिस कमिश्नर की लाख कोशिशों के बाद भी लापरवाही खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं। सिटी से लेकर देहात तक के कई फेस ऐसे हैं जो रेस से हर हाल में आउट ही किए जाने चाहिए। वैसे एक थानाध्यक्ष की लगातार शिकायतें आ रही हैं। वहीं साहब के द्वारा जनता से बेहतर संवाद और शिष्टाचार का पाठ पढ़ाए जाने के बाद भी वह सुन नहीं रहे हैं। उनके अधीनस्थ मानने को तैयार नहीं हैं। ताजा मामला सिटी जोन के एक थाने का है, अब उस थानाक्षेत्र के रहने वाले लोग और फरियादी दूसरे थानों के प्रभारी और अन्य अधिकारियों के पास जाकर थानाध्यक्ष की कारगुजारियों को बता रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एक वरिष्ठ नागरिक ने तो यहां तक कहा है कि जिस तरीके का थानाध्यक्ष




का व्यवहार है, ऐसा शायद ही किसी जिले में बुजुर्गों के साथ ऐसा व्यवहार हो रहा हो। फरियाद लेकर पहुंचने वालों को थानाध्यक्ष सीधे हवालात में डालने की धमकी देने के आरोप भी लगा रहा है। तो उनके क्षेत्र में बढ़ता अतिक्रमण और अन्य क्राइम की घटनाएं बता रही है कि वह फील्ड में कितना एक्टिव हैं। सड़क के किनारे लगने वाली दुकानों को लेकर तमाम तरीके के किस्से, कहानी चल रहे हैं। तो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र यह जानकारी दे रहे हैं की कांवड़ यात्रा के दौरान थानाध्यक्ष को पहली बार मिले चार्ज की अहमियत का पता चल जाएगा। बताया जा रहा है कि फील्ड से ज्यादा वह ऊपर वाले रूम में रहने के लिए जाने जाते हैं। ऊपर वाले रूम में उन्हीं को बुलाया जाता है जिनसे व्हाट्सएप कॉल पर संवाद हो जाता है। गुरुवार को उस थानाध्यक्ष की शिकायत लेकर इलाके के कुछ लोग दूसरे थाना प्रभारी के पास पहुंचे और कहा कि व्यवहार और शिष्टाचार कुछ पुलिसकर्मियों को भी सिखाया जाए। कुल मिलाकर अधिकारी किस दबाव और किस सबूत और जांच का इंतजार कर रहे हैं, यह तो वही बेहतर बता सकते हैं, पर जिस तरीके से सिटी के एक सर्किल के थानाध्यक्ष की चर्चा सुनाई दे रही है, उससे पूरे सर्किल पर सवाल उठ रहे हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं की कांवड़ यात्रा तक अभी कोई हल या कोई फिर फेरबदल होने की संभावना नजर नहीं आ रही है। ऐसे में अब देखना होगा कांवड़ यात्रा के दौरान इस वाले थानाक्षेत्र में क्या–क्या हंगामें और कारनामे देखने को मिलेंगे।

## प्रदेश संगठन मंत्री धर्मपाल की पूजनीय माताजी के निधन पर शोक संवेदनाएं प्रकट कीं



गाजियाबाद, करंट क्राइम। भाजपा क्रॉसिंग मंडल के संयोजक संदीप त्यागी ने प्रदेश संगठन मंत्री धर्मपालजी की पूजनीय माताजी भाग्यवती देवी के निधन उपरांत गुरुवार को उनके पैतृक निवास ग्राम हुर्र नगला, नगीना (बिजनौर) पहुँचकर शोक–संतप्त परिजनों से भेंट कर संवेदना प्रकट की एवं पूज्य माता को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस कठिन समय में मेरी संवेदनाएं धर्मपाल भाई साहब और उनके परिवार के साथ हैं। ईश्वर पुण्य आत्मा को शांति दें और उनके परिवारजनों को धैर्य प्रदान करें।

## पौधरोपण




साहिबाबाद (करंट क्राइम)। वार्ड 86 के पार्षद मदन राय ने कार्यकर्ताओं संग राजाराम पार्क में 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के अंतर्गत पौधरोपण किया।

# समाजसेवी व आरोग्य क्लीनिक के संस्थापक डॉक्टर संजय त्यागी का निधन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाजसेवी व आरोग्य क्लीनिक के संस्थापक डॉक्टर संजय त्यागी के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। राजेंद्र नगर स्थित उनके आवास पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में दूर-दराज से आए लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। डॉक्टर संजय त्यागी का पिछले दिनों लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था। उनका संजय नगर और राजेंद्र नगर में क्लीनिक था जहां दूर-दराज से लोग असाध्याय बीमारियों के इलाज के लिए आते थे। इस मौके पर उनकी पत्नी मधु त्यागी, पुत्री शिवांश त्यागी, अनुष्का त्यागी, वंशील त्यागी, सपना त्यागी, शिवम त्यागी, शौर्य त्यागी आदि उपस्थित थे।

## पोस्ट ऑफ द डे
प्रस्तुति
करंट क्राइम



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा के महानगर महामंत्री गोपाल अग्रवाल ने गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर पंजाब पहुंचकर अपने गुरु समुंद्रगिरी महाराज के आश्रम पहुंचकर उनसे आशीर्वाद लिया। गोपाल अग्रवाल ने गुरु की महिमा का संदेश देता इस पोस्ट को फेसबुक पर साझा किया। गोपाल अग्रवाल की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# 27 साल बाद अफ्रीकी देश के दौरे पर भारतीय प्रधानमंत्री





**विंडहोक।** पीएम नरेंद्र मोदी ने नामीबिया की संसद को संबोधित करते हुए कहा कि भारत और अफ्रीका के संबंध सम्मान, समानता और पारस्परिक लाभ पर आधारित हैं। उन्होंने कहा कि भारत अफ्रीका के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि सहयोग चाहता है। भारतीय प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी 27 साल बाद अफ्रीकी देश नामीबिया के दौरे पर पहुंचे। उन्होंने बुधवार को नामीबिया की संसद को संबोधित करते हुए भारत और अफ्रीका के बीच संबंधों की सराहना की। साथ ही कहा कि भारत और अफ्रीका के संबंध सम्मान, समानता और पारस्परिक लाभ पर आधारित हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत अफ्रीका के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि सहयोग चाहता है।

संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत ने अफ्रीका के विकास में 12 अरब डॉलर से ज्यादा का योगदान दिया है। इस दौरान उन्होंने अफ्रीका के एजेंडा 2063 औद्योगीकरण के लिए भारत का समर्थन और रक्षा एवं सुरक्षा में सहयोग बढ़ाने की इच्छा व्यक्त की।

### भारत प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि सहयोग करना चाहता है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे कहा, '2018 में, मैंने अफ्रीका के साथ हमारे जुड़ाव के 10 सिद्धांत निर्धारित किए थे। आज, मैं इनके प्रति भारत की पूर्ण प्रतिबद्धता की पुष्टि करता हूं। ये सिद्धांत सम्मान, समानता और पारस्परिक लाभ पर आधारित हैं। हम प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि सहयोग करना चाहते हैं। हमारा लक्ष्य मिलकर निर्माण करना है। अफ्रीका में हमारी विकास साझेदारी 12 अरब डॉलर से अधिक की है। लेकिन इसका वास्तविक मूल्य साझा विकास और साझा उद्देश्य में निहित है। हम स्थानीय कौशल का निर्माण, स्थानीय रोजगार सृजन और स्थानीय नवाचार का समर्थन जारी रखेंगे।' नामीबिया को जन औषधि कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया पीएम मोदी ने कोविड-19 महामारी के दौरान अफ्रीकी देशों को भेजी गई वैक्सीन का भी उल्लेख किया। पीएम मोदी ने सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाओं तक पहुंच के लिए नामीबिया को जन औषधि कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा, 'इस कार्यक्रम के तहत, भारत में दवाओं की लागत में 50 से 80 प्रतिशत की कमी आई है।

### अफ्रीका को मूल्य सृजन और सतत विकास में अग्रणी होना चाहिए

संसद को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने आगे कहा कि भारत का मानना है कि अफ्रीका केवल कच्चे माल का स्रोत नहीं होना चाहिए, बल्कि अफ्रीका को मूल्य सृजन और सतत विकास में अग्रणी होना चाहिए। पीएम ने कहा कि इसलिए भारत औद्योगीकरण के लिए अफ्रीका के एजेंडा 2063 का पूर्ण समर्थन करता है। उन्होंने कहा कि भारत रक्षा और सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में भी अफ्रीका के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार है।

### विश्व मामलों में अफ्रीका की भूमिका को महत्व देता है भारत

पीएम मोदी ने कहा कि भारत विश्व मामलों में अफ्रीका की भूमिका को महत्व देता है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों को एक ऐसे भविष्य का निर्माण करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए जो शक्ति और प्रभुत्व से नहीं, बल्कि साझेदारी और संवाद से परिभाषित हो।

## नेपाल में भारी बारिश से भोटेकोशी नदी में बाढ़

# चीन सीमा पर पुल बहने के बाद अब भी 19 लापता, नौ की मौत



**नेपाल।** नेपाल के रसुवा जिले में भारी बारिश के चलते भोटेकोशी नदी में आई बाढ़ से नौ लोगों की मौत हो गई और 19 लोग लापता हो गए। बाढ़ के कारण नेपाल और चीन को जोड़ने वाला मैत्री पुल भी बह गया। इसके अलावा, एक व्यक्ति घायल भी हुआ है और 57 लोगों को बचा लिया गया है। चीन में सोमवार रात लगातार बारिश हुई, जिसके चलते नेपाल के रसुवा जिले में भारी बारिश से भोटेकोशी नदी में बाढ़ आ गई। बाढ़ के कारण नेपाल और चीन को जोड़ने वाला मैत्री पुल बह गया। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि बाढ़ से कम से कम अब तक 9 लोगों की मौत हो गई और 19 लोग लापता हैं। राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीआरआरएमए) के महानिदेशक दिनेश भट्ट ने बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने मृतकों और लापता लोगों की संख्या के बारे में जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि बाढ़ के चलते एक व्यक्ति घायल भी हुआ है और 57 लोगों को बचा लिया गया है। उन्होंने बताया कि नेपाल सरकार ने बाढ़ से जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को 2,00,000 रुपये के मुआवजे की घोषणा की है। लापता लोगों में छह चीनी नागरिक और तीन पुलिसकर्मी शामिल हैं। नदी में बहे 23 मालवाहक कंटेनर, छह ट्रक और 35 इलेक्ट्रिक वाहन भट्ट ने बताया।

# राष्ट्रपति जरदारी पर लटक रही है निष्कासन की तलवार



**इस्लामाबाद।** नकवी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख को निशाना बनाकर चलाए जा रहे दुर्भावनापूर्ण अभियान के पीछे कौन है? इसकी हमें पूरी जानकारी है।' हालांकि, उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया। पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने गुरुवार को राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी के संभावित निष्कासन की अटकलों को खारिज करते हुए इसे महज अफवाह करार दिया। उन्होंने इसे राष्ट्रपति, सेना और मुल्क की छवि खराब करने का दुर्भावनापूर्ण अभियान करार दिया। नकवी का यह बयान सोशल मीडिया पर चल रही उन अटकलों के बीच आया, जिनमें कहा जा रहा था कि सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर जरदारी की जगह देश के राष्ट्रपति बनेंगे।

नकवी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख को निशाना बनाकर चलाए जा रहे दुर्भावनापूर्ण अभियान के पीछे कौन है? इसकी हमें पूरी जानकारी है।' हालांकि, उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया। उन्होंने कहा, 'मैंने स्पष्ट रूप से कहा है कि राष्ट्रपति से इस्तीफा देने के लिए कहने या सेना प्रमुख के राष्ट्रपति पद संभालने की इच्छा रखने के बारे में न तो कोई चर्चा हुई है और न ही ऐसा कोई विचार है।'

### मुनीर का कार्यकाल फिर से बढ़ सकता है

मुनीर को 2022 में तीन साल के कार्यकाल के लिए सेना प्रमुख के पद पर पदोन्नत किया गया था, लेकिन पिछले साल सरकार ने कार्यकाल बढ़ाकर पांच साल कर दिया। सरकार इसे एक और कार्यकाल के लिए बढ़ा भी सकती है। जरदारी को पिछले साल प्रधानमंत्री पद के लिए शहबाज शरीफ की उम्मीदवारी का समर्थन करने के बदले में पांच साल के कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति चुना गया था।

### 'जरदारी के सशस्त्र बलों के नेतृत्व के साथ एक मजबूत और सम्मानजनक संबंध'

उन्होंने आगे कहा कि राष्ट्रपति जरदारी के सशस्त्र बलों के नेतृत्व के साथ एक मजबूत और सम्मानजनक संबंध हैं। उन्होंने राष्ट्रपति जरदारी के हवाले से कहा, 'मैं स्पष्ट रूप से जानता हूं कि ये झूठ कौन फैला रहा है, वे ऐसा क्यों कर रहे हैं और इस दुष्प्रचार से किसे फायदा हो रहा है।' नकवी ने जोर देकर कहा कि मुनीर का फोकस पाकिस्तान की मजबूती और स्थिरता पर है, न कि किसी और चीज पर।'

### 'पाकिस्तान को फिर से मजबूत बनाने के लिए जो भी जरूरी होगा, करेंगे'

नकवी ने आगे कहा, 'इस फजीवाड़े में शामिल लोगों से अनुरोध है कि वे शत्रुतापूर्ण विदेशी एजेंसियों के साथ मिलकर जो चाहें करें। जहां तक हमारी बात है, हम पाकिस्तान को फिर से मजबूत बनाने के लिए जो भी जरूरी होगा, करेंगे।'

# कनाडा के मैनिटोबा प्रांत में बीच हवा में टकराए दो विमान हादसे में भारतीय छात्र पायलट समेत दो की मौत



**अमेरिका।** कनाडा के मैनिटोबा प्रांत में दो विमान बीच हवा में आपस में टकरा गए, इस हादसे में दोनों विमानों के पायलट की मौत हो गई। जिसमें एक पायलट भारतीय छात्र था और दूसरी कनाडाई युवती थी। भारतीय दूतावास ने इस हादसे पर दुख जताया है।

कनाडा के मैनिटोबा प्रांत में दो छोटे विमानों की हवा में टक्कर में भारत के एक छात्र पायलट की मौत हो गई। मृतक छात्र पायलट की पहचान श्रीहरि सुकेश के रूप में हुई है। वह कनाडा में पायलट बनने की ट्रेनिंग ले रहे थे। यह हादसा मंगलवार सुबह स्टीनबैक नाम के इलाके के पास हुआ, जो कनाडा के विंनीपेग शहर से लगभग 50 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में मौजूद है। इस हादसे में एक और छात्र पायलट की भी मौत हो गई, जिसका नाम सावाना मे रोयेस था। वह कनाडा की रहने वाली थीं और अपने पायलट पिता के पदचिह्नों पर चलना चाहती थीं।

### टेकऑफ और लैंडिंग का अभ्यास कर रहे थे दोनों

दोनों पायलट हार्व्स एयर नाम की फ्लाइट ट्रेनिंग स्कूल में ट्रेनिंग ले रहे थे। मामले में स्कूल के प्रमुख एडम पेनर ने बताया कि हादसा उस समय हुआ जब दोनों पायलट टेकऑफ और लैंडिंग का अभ्यास कर रहे थे और लैंडिंग स्ट्रिप की ओर आ रहे थे। भारतीय वाणिज्य दूतावास, टोरंटो ने बताया कि वह श्रीहरि के परिवार, फ्लाइट स्कूल और स्थानीय पुलिस के संपर्क में है और हर तरह की सहायता दे रहा है।

### कैसे हुआ हादसा?

दोनों छोटे, एकल इंजन वाले विमान हवा में एक-दूसरे से टकरा गए। इस टक्कर के बाद दोनों विमान जमीन पर गिर गए और मलबे से दोनों पायलटों के शव बरामद किए गए। किसी विमान में कोई अन्य यात्री सवार नहीं था।

### चश्मदीद ने बयां किया हादसा

स्टीनबैक में रहने वाले नथानिएल प्लेट ने बताया कि उन्होंने मंगलवार सुबह एक तेज धमाके की आवाज सुनी। उन्होंने अपनी पत्नी से कहा, 'ये जरूर प्लेन क्रैश है।' थोड़ी देर बाद उन्होंने काले धुएं का बड़ा गुबार देखा और फिर एक और धमाका हुआ। वहीं इस मामले में कनाडा की ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड (टीएसबी) ने इस दुखद घटना की जांच शुरू कर दी है। यह एजेंसी देश में हुए हर तरह के हवाई हादसों की जांच करती है।

# लॉस एंजिलिस में निमार्णाधीन सुरंग ढही 30 से अधिक श्रमिक सुरक्षित निकाले गए



**अमेरिका।** अमेरिका में लॉस एंजिलिस शहर के विलमिंगटन में निमार्णाधीन एक विशाल औद्योगिक सुरंग का एक हिस्सा बुधवार को ढह गया था। जिसमें लगभग 30 से अधिक श्रमिक फंस गए थे। सुरंग में फंसे श्रमिकों को बाहर निकाल लिया गया है। यह जानकारी लॉस एंजिलिस फायर डिपार्टमेंट ने दी है।

फायर डिपार्टमेंट ने बताया कि बुधवार को लॉस एंजेलिस में निमार्णाधीन एक औद्योगिक सुरंग का एक हिस्सा ढह गया था। जिसमें कुछ श्रमिक फंस गए थे। घटना के बाद चलाए गए राहत-बचावकार्य में 31 श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। यह हादसा सुरंग के एकमात्र प्रवेश द्वार से 8 से 9.7 किलोमीटर अंदर हुआ। स्थानीय टेलीविजन की हवाई फुटेज में श्रमिकों को सुरंग के प्रवेश द्वार से निकालते हुए देखा गया है। सुरंग के ढहे हुए हिस्से के दूसरी ओर मौजूद कुछ श्रमिक 12 से 15 फीट ऊंचे ढीली मिट्टी के टीले को पार कर अपने कुछ अन्य साथियों तक पहुंचे। इसके बाद सभी को एक विशेष सुरंग वाहन के जरिए छोटे-छोटे समूहों में प्रवेश द्वार तक लाया गया। सुरंग से बाहर निकाले गए 27 श्रमिकों की पैरामेडिक्स द्वारा जांच की जा रही है।

यह सुरंग भविष्य में अपशिष्ट जल ले जाने के लिए बनाई जा रही है। फायर डिपार्टमेंट के अनुसार, यह सुरंग 18 फीट चौड़ी है। घटनास्थल पर 100 से अधिक फायर डिपार्टमेंट के कर्मियों को तैनात किया गया था। जो संकीर्ण और सीमित स्थानों से बचाव में माहिर टीमें भी शामिल थीं।

# यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन का खारिज हुआ अविश्वास प्रस्ताव

**स्ट्रासबर्ग।** यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव में कई आरोपों को शामिल किया गया था। इनमें कोविड-19 महामारी के दौरान वैक्सीन निमार्ता फाइजर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के साथ निजी तौर पर टेक्स्ट मैसेजिंग, यूरोपीय संघ के धन का दुरुपयोग और जर्मनी और रोमानिया में चुनावों में हस्तक्षेप शामिल था।

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन को बड़ी राहत मिली है। उनके खिलाफ दक्षिणपंथी यूरोपीय सांसदों द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को मतदान में खारिज हो गया। फ्रांस के स्ट्रासबर्ग में यूरोपीय संसद के पूर्ण सत्र के दौरान 18 सांसदों द्वारा मतदान में भाग न लेने के कारण प्रस्ताव 360-175 मतों से खारिज हो गया। मतदान के दौरान उसुर्ला उपस्थित नहीं थी। 2024 में उसुर्ला वॉन डेर लेयेन यूरोपीय आयोग की दूसरी बार अध्यक्ष बनीं थीं।

अविश्वास प्रस्ताव में वॉन डेर लेयेन के खिलाफ कई आरोपों को शामिल किया गया था। इनमें कोविड-19 महामारी के दौरान वैक्सीन निमार्ता फाइजर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के साथ निजी तौर पर टेक्स्ट मैसेजिंग, यूरोपीय संघ के धन का दुरुपयोग और जर्मनी और रोमानिया में चुनावों में हस्तक्षेप शामिल था।

इस दौरान, अविश्वास प्रस्ताव लाने वाले रोमानिया एमईपी घोरघे पिपेरेया ने कोविड के दौरान फाइजर की सीईओ अल्बर्ट बौर्ला के साथ चैट को लेकर वॉन डेर लेयेन की पारदर्शिता की कमी की आलोचना की। पिपेरेया ने यूरोपीय आयोग पर रोमानिया के राष्ट्रपति चुनाव में हस्तक्षेप करने का भी आरोप लगाया।





### उसुर्ला ने कही थी यह बात

वहीं, इससे पहले मंगलवार को यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन ने खुद के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव से पहले अपना बचाव किया था। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा था कि राजनीतिक विरोधी उनके और कोविड-19 महामारी को लेकर साजिश रच रहे हैं। लेयेन ने कहा था कि यूरोपीय संघ की कार्यकारी शाखा के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पेश करने वाले सांसद कट्टर दक्षिणपंथी हैं। उनका मकसद संसद में यूरोप समर्थक राजनीतिक समूहों के बीच फूट डालना है। फ्रांस के स्ट्रासबर्ग में एक पूर्ण सत्र के दौरान उन्होंने कहा, 'हम कभी भी चरमपंथियों को इतिहास को फिर से लिखने नहीं दे सकते।'

### टीका मामले में लगे यह आरोप

साल 2021 में यूरोपीय संसद के कुछ सदस्यों ने यूरोपीय आयोग से कोविड टीकों को लेकर समझौतों का पूरा विवरण मांगा था, लेकिन आयोग केवल कुछ अनुबंधों और दस्तावेजों तक आंशिक पहुंच प्रदान करने के लिए सहमत हुआ, जिन्हें संशोधित संस्करणों में ऑनलाइन रखा गया था। इसने यह बताने से भी इनकार कर दिया कि उसने अरबों खुराकों के लिए कितना भुगतान किया, यह तर्क देते हुए कि गोपनीयता कारणों से अनुबंधों को संरक्षित किया गया था। इस पर यूरोपीय संघ की अदालत ने भी कहा था कि यूरोपीय आयोग ने महामारी के दौरान दवा कंपनियों के साथ किए गए कोविड-19 वैक्सीन खरीद समझौतों के बारे में जनता को पर्याप्त जानकारी नहीं दी।

# शेख हसीना पर प्रदर्शनकारियों की मौत के मामले में चलेगा मुकदमा, पुलिस प्रमुख ने कबूल किया गुनाह



**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पर अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने मानवता के खिलाफ अपराध का केस दर्ज किया है। यह मामला पिछले साल छात्र आंदोलनों के दमन से जुड़ा है। पूर्व पुलिस प्रमुख ममून ने गुनाह कबूल कर गवाह बनने की याचिका दी है। हसीना भारत में हैं और ट्रायल उनकी गैरमौजूदगी में चलेगा। यह मामला बांग्लादेश की राजनीति में बड़ा मोड़ ला सकता है।

बांग्लादेश की सियासत में बड़ा उलटफेर हुआ है। सत्ता से बेदखल की जा चुकीं पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना अब एक गंभीर मामले में कानूनी घेरे में आ गई हैं। देश की इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल (आईसीटी) ने उन्हें मानवता के खिलाफ अपराध के मामले में औपचारिक रूप से आरोपित किया है। यह मामला पिछले साल जुलाई-अगस्त में छात्र आंदोलनों के दमन से जुड़ा है, जब प्रदर्शनकारियों पर कथित रूप से अत्याचार किए गए थे।

इस मामले में शेख हसीना के अलावा दो और अहम नाम भी शामिल हैं पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमान खान और पूर्व पुलिस महानिदेशक अब्दुल्ला अल ममून। इन तीनों पर आरोप है कि इन्होंने मिलकर छात्र आंदोलनों को दबाने के लिए प्रशासनिक मशीनरी का दुरुपयोग किया और निर्दोष प्रदर्शनकारियों पर अत्याचार कराए। इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल ने इन पर मानवता के खिलाफ संगठित अपराध के तहत मुकदमा चलाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### पिछले साल हुआ था छात्र आंदोलन

यह पूरा मामला पिछले साल जुलाई-अगस्त में हुए छात्र आंदोलनों से जुड़ा है। छात्रों ने देश में बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और चुनाव में धांधली को लेकर बड़े स्तर पर प्रदर्शन किए थे। आरोप है कि उस वक्त सरकार ने प्रदर्शनकारियों पर बर्बरता दिखाई, पुलिस ने लाठीचार्ज, गिरफ्तारी और टॉर्चर जैसी कार्रवाई की। यही आरोप अब मानवता के खिलाफ अपराध के रूप में सामने आया है।

### राजनीतिक मोड़ ले रहा है मामला

इस मामले के सामने आने के बाद बांग्लादेश की राजनीति में नई बहस शुरू हो गई है। विपक्षी दलों का कहना है कि यह शेख हसीना की सत्ता में वापसी की हर संभावना को खत्म कर देगा। वहीं, अवामी लीग पार्टी के कुछ नेताओं ने इसे राजनीतिक साजिश बताया है। हालांकि, इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल का कहना है कि उनके पास पर्याप्त साक्ष्य हैं और कानून के तहत निष्पक्ष सुनवाई होगी।

### पुलिस प्रमुख ने किया गुनाह कबूल

बांग्लादेशी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस मामले में गिरफ्तार एकमात्र व्यक्ति पूर्व पुलिस प्रमुख अब्दुल्ला अल ममून हैं। उन्होंने अपना गुनाह कबूल कर लिया है और अदालत से राज्य का गवाह बनने की इजाजत मांगी है। उनकी याचिका के बाद यह केस और भी अहम हो गया है, क्योंकि उनके बयान से शेख हसीना और अन्य पर आरोप तय करने की प्रक्रिया आसान हो सकती है।

### गैरहाजिरी में चलेगा मुकदमा

जानकारी के मुताबिक, शेख हसीना पिछले साल 5 अगस्त को भारत आ गई थीं, जब उनकी सरकार को सत्ता से हटाया गया था। इस समय वे बांग्लादेश में मौजूद नहीं हैं, लेकिन ट्रिब्यूनल ने साफ किया है कि उनकी गैरहाजिरी में भी मुकदमा चलाया जाएगा। यही बात पूर्व गृह मंत्री पर भी लागू होगी, जो फिलहाल फरार हैं। यह बांग्लादेश की न्याय व्यवस्था में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

# ट्रंप के 50% टैरिफ लगाने की धमकी पर भड़के राष्ट्रपति सिल्वा

## कहा- बाहरी दखलअंदाजी बर्दाश्त नहीं



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को ब्राजील पर 50 प्रतिशत टैरिफ की घोषणा की। ट्रंप की घोषणा के कुछ ही घंटों के बाद ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा ने इस फैसले पर कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर की है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को ब्राजील समेत सात देशों पर भारी टैरिफ लगाने की घोषणा की। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वे ब्राजील में बने उत्पादों पर 50 प्रतिशत टैक्स लगाने की योजना बना रहे हैं। ब्राजील के अलावा उन्होंने अल्जीरिया, इराक, लीबिया, श्रीलंका पर 30 फीसदी, ब्रुनेई, मोल्दोवा पर 25 फीसदी और फिलीपींस पर 20 फीसदी टैरिफ लगाने का एलान किया। यही नहीं ट्रंप ने ब्राजील पर पूर्व राष्ट्रपति जायर बोलसोनारो के खिलाफ राजनीतिक प्रतिशोध चलाने का भी आरोप लगाया है। ट्रंप के फैसले के खिलाफ ब्राजील ने कड़ा रुख अपनाया है। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यदि ब्राजील पर टैरिफ बढ़ाया गया तो उसी प्रकार की जवाबी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी देश द्वारा एकतरफा टैरिफ बढ़ोतरी का जवाब ब्राजील आर्थिक पारस्परिकता कानून के तहत देगा। पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोलसोनारो को लेकर ट्रंप की टिप्पणी पर राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा ने यह भी चेतावनी दी कि ब्राजील की न्यायिक प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाहरी दखलअंदाजी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### ट्रंप ने ब्राजील पर लगाए गंभीर आरोप

ट्रंप द्वारा ब्राजील पर लगाया गया हालिया टैरिफ इस दक्षिण अमेरिकी देश के साथ अमेरिका के बढ़ते टकराव का संकेत है। बुधवार (अमेरिकी समयानुसार) को टैरिफ लगाने का एलान करते हुए ट्रंप ने कहा कि ब्राजीली सामानों पर 50 प्रतिशत अमेरिकी टैरिफ एक अगस्त से लागू होगा, जो दर्जनों अन्य अर्थव्यवस्थाओं के सामने आने वाली समय सीमा के जैसा ही है। ट्रंप ने इस सप्ताह व्यापारिक साझेदारों को पत्र जारी करना शुरू कर दिया है क्योंकि वे और अधिक सौदों के लिए दबाव बढ़ा रहे हैं, लेकिन उन्होंने उन साझेदारों पर ध्यान केंद्रित किया है जिनके साथ उनके देश का भारी घाटा है। ब्राजील पहले इन उच्च शुल्कों की धमकी वाले देशों में शामिल नहीं था।

## अमेरिका ने यूएन अधिकारी फ्रांसेस्का अल्बानीज पर लगाए प्रतिबंध

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने संयुक्त राष्ट्र की विशेष रिपोर्टर फ्रांसेस्का अल्बानीज पर प्रतिबंध लगा दिए हैं। अमेरिका ने अल्बानीज पर पर आईसीसी से अमेरिका और इस्राइल के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर राजनीतिक-आर्थिक युद्ध छेड़ने का आरोप लगाया है। इसको लेकर रुबियो ने बोला कि अब ये बर्दाश्त नहीं होगा। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने बुधवार को संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद की विशेष रिपोर्टर फ्रांसेस्का अल्बानीज पर प्रतिबंध लगाने का ऐलान किया। उन्होंने आरोप लगाया कि अल्बानीज ने अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) से अमेरिका और इस्राइल के अधिकारियों, कंपनियों और व्यापारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर शर्मनाक और गलत कोशिश की है। इस बात की जानकारी रुबियो ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी है। उन्होंने लिखा कि मैं यूएन की अधिकारी फ्रांसेस्का अल्बानीज पर प्रतिबंध लगा रहा हूं।

**संबंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र शुभायन मण्डल से समस्त रिश्ते नाते व सम्बन्ध समाप्त कर उसे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उससे व उसके परिवार से मेरा व मेरे परिवार का कोई ताल्लुक वास्ता नही होगा तथा अपने द्वारा किये गये किसी भी लेन-देन, व्यवहार या कृत्य के लिए वह स्वम जिम्मेदार होगा मेरा व मेरे परिवार का कोई उत्तरदायित्व किसी प्रकार का नहीं होगा। बिशु मण्डल पुत्र श्री डेनियल निवासी बी-76,ए, एच०आई०जी० मरियम नगर थाना नन्दग्राम, गाजियाबाद।

# राजकुमार गोयल इंस्टि्टयूट ऑफ टेक्नोलॉजी में रक्तदान एवं थैलेसीमिया जांच शिविर आयोजित

## रक्तदान शिविर में 141 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया






















**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** राजकुमार गोयल इंस्टि्टयूट ऑफ टेक्नोलॉजी में रक्तदान शिविर एवं थैलेसीमिया जाँच शिविर का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर गाज़ियाबाद के अनेक विशिष्ट जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि सांसद अतुल गर्ग, विधायक संजीव शर्मा, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, संस्थान के चेयरमैन व विधायक दिनेश गोयल, ललित जयसवाल एवं अक्षत गोयल का स्वागत अनिल अग्रवाल सांवरिया द्वारा किया गया। रोटरी सहायक गवर्नर महेन्द्र सिंह का स्वागत अनिल गर्ग द्वारा किया गया। अपने स्वागत भाषण में अनिल अग्रवाल साँवरिया ने कहा कि आज का कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन का राष्ट्रीय स्तर से किये गये आह्वान का हिस्सा है, आज मात्र ब्लड डोनेशन कैम्प ही नहीं लगाया गया है अपितु समाज में तेजी से फैल रही थैलेसेमिया की बीमारी से बचाने के लिये थैलेसेमिया जागरूकता सेमिनार का भी आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में सहयोग के लिये विशेष रूप से संजय अग्रवाल, सुनील वैष्णय, देवेंद्र हितकारी का अभार किया।

कार्यक्रम में सांसद अतुल गर्ग ने कहा, रक्तदान महादान है। वास्तव में परोपकार के लिए किया गया हर कार्य महादान है। मंयक गोयल ने कहा कि वैश्य समाज सदैव समाजहित के कार्यों में अग्रणी रहा है, चाहे वह मंदिर, धर्मशाला या विद्यालय निर्माण हो। आज के इस रक्तदान शिविर से समाज को नई दिशा मिली है।

रोटरी ब्लड बैंक नई दिल्ली से पधारे विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा थैलेसीमिया पर जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। उन्होने बताया कि यदि दो थैलेसीमिया माइनर व्यक्ति विवाह करते हैं, तो संतान को थैलेसीमिया मेजर होने की आशंका रहती है। रोटरी ब्लड बैंक से डाक्टर आदित्य भूषण शर्मा, डॉक्टर अभिषेक जयसवाल, डॉक्टर अनुज उपाध्याय, प्रिस मंडल ने शिविर में सहयोग किया।

रक्तदान करने वालों में आशु बिन्दल, अनिल गर्ग, अनिल साँवरिया, सुनील वार्ष्णेय, तुषार, कपिल गर्ग, विवेक अग्रवाल, नीरज गुप्ता आदि शामिल रहे। राजकुमार गोयल इंस्टि्टयूट के छात्र-छात्राओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर में कुल 141 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। कार्यक्रम का संचालन रोटरी क्लब गाज़ियाबाद विकास से रो. संजय अग्रवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सपना बंसल, सीमा गोयल, संगीता माहेश्वरी, दीप्ति अरोड़ा, रीतू गुप्ता, रेखा अग्रवाल, संजय अग्रवाल, सुनील वार्ष्णेय, अनिल गर्ग (कजारिया टाइल्स), संदीप सिंघल, रामावतार जिंदल, कैलाश चंद्र गोयल, देवेंद्र हितकारी, ललित जायसवाल, तनुज गंभीर, संजय गुप्ता, विनीत माहेश्वरी, अशोक अग्रवाल, नरेश जिंदल, पुनीत गुप्ता, अनुज मित्तल, अरविन्द गर्ग, नीरज गुप्ता, संजय गर्ग, कैलाश मंगला, सौरभ गुप्ता, वैभव पराशर, जय कमल अग्रवाल, अतुल जैन, वी.के. अग्रवाल, विनोद त्यागी, रजत अग्रवाल, पुनीत शरद, विनीत माहेश्वरी. के. के. कहोली व सहदेव भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम आपको बता रहे हैं नदिया पार के तीन मंडलों की बात? हम देख रहे हैं जब से मिस्टर पहलवान हुए हैं कमांडर के हटने के बाद साईड लाईन? तब से उनका दबदबा नहीं पहले जितना फाईन? हमारी पड़ी शालीमार, लाजपतनगर, करहैड़ा के मंडल की टीम पर नजर? हमने देखा करने वालों ने नहीं करी यहां की टीम की घोषणाओं में किसी भी गुर्जर चेहरे की फिक्र? बड़ी बात ये है कि पप्पू भैया के वार्ड से भी नहीं आया किसी गुर्जर चेहरे का नाम? क्या करने वालों ने किया कुछ इस तरह से गेम तमाम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इतना ही नहीं इसके अलावा भी घट रहा है मिस्टर पहलवान के साथ अनदेखी का अंदाज? हम देख रहे हैं जिस चेहरे ने हमारी पहलवान भौजी के सामने चुनाव लड़ा? उस पर रख दिया रखने वालों ने हाथ? मिस्टर त्यागी को सौंप दी गई मंडल में महामंत्री वाली कमान? अब ये तो भाटी जी ही बेहतर बतायेंगे? ये सब कुछ सोच समझ कर किया है या फिर इसके पीछे है किसी को परेशान करने का प्लान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब से हुई है मंडलों की टीम की घोषणा? तब से स्टोरी में आ रहे हैं लगातार कई तरह के ट्विस्ट? कहने वाले ने कहा वसुंधरा वाले मंडल के किसान वाले अध्यक्ष को दे दी गई बृज वाले मुख्य मंडल में उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी? कहने वाले ने कहा हमें तो लग रहा है करने वालों ने घोषणा को लेकर नहीं की मजबूत वाली तैयारी? या फिर हो सकता है दो पदों पर एक साथ रहने का पार्टी के संविधान में संशोधन हो गया हो जारी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि अब आप इससे ज्यादा आगे मत सोचना? हम आपको ले जा रहे हैं बृजविहार मंडल, जहां की टीम की हुई है हाल ही में घोषणा? इस मंडल में पार्टी का आयोजित किया गया था प्रोग्राम? उसमें मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व विधायक रूप चौधरी शामिल हुए थे श्रीमान? कहने वाले ने कहा हमें कार्यक्रम को लेकर नहीं है कोई डाउट? मगर हम देख रहे थे इस कार्यक्रम में मंडल के 9 पदाधिकारी थे सीन से आउट? मगर यहां पर इससे भी ज्यादा थे गजब के हालात? कम से कम मंडल वाले अध्यक्ष को तो आना चाहिए था? कार्यक्रम में उनके भी दर्शन नहीं हुए साहब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि अब बहुत दिनों तक नहीं होगा समर्थकों का मामला डन-डन? हमें पता चला है विधायक जी चले गये हैं लंदन? अब कुछ दिनों बाद ही रिटर्न होगा उनका प्लेन? पता चला है वो लंदन में करने गये हैं एक बड़ी वाली खुशी करने के लिए सेलीब्रेट? जब वो वापस लौटेंगे तब हम आपको दे देंगे अपडेट? फिलहाल तो खुल गये होंगे लंदन में उतर कर विधायक जी की फ्लाईट के गेट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मीडिया वाले चौधरी कितनी शिद्दत से संभालते हैं अपनी जिम्मेदारी? इस बात का हुआ हमें गुरूवार को एहसास? वो अपने परिवार की किसी परेशानी में व्यस्त हैं? इसलिए नहीं कर पा रहे हैं विज्ञप्तियां जारी? मगर हम देख रहे हैं जब से वो नहीं संभाल रहे हैं जिम्मेदारी? तब से मामला हो गया है बाकियों के लिए भारी? ऐसा पहली बार हुआ, जब हुआ पार्टी का गुरू पूर्णिमा पर कई जगह प्रोग्राम और नहीं हुई विज्ञप्ति जारी? कहने वाले ने कहा इसी से पता चलता है कि चौधरी साहब कितनी शिद्दत से संभालते हैं अपनी जिम्मेदारी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा सांवरिया जी करते हैं कार्यक्रम जोरदार? उनके समर्थक चाहते हैं कि राजनीति में मजबूत हो उनका किरदार? मानने वाले मानते हैं उनको शहर सीट से मजबूत दावेदार? मगर सांवरिया जी के इस बारे में हैं कुछ और ही विचार? वो दे रहे हैं अपने साथियों में संदेश कि हम भगवा झंडा मजबूती से बुलंद करते रहेंगे? मगर विधानसभा में एक्टिव नहीं करेंगे अपना फेस? यहां पर लंबी है दावेदारों की लाईन? इसलिए हम जहां पर हैं वहीं पर हैं फाईन?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें पता चली गुरूवार को एक बात? समाजवादी पार्टी के एक युवा वाले प्रदेश अध्यक्ष आये थे गाजियाबाद? उनके गाजियाबाद आने पर संगठन के दोनों अध्यक्ष नहीं कर पाये कोई प्रोग्राम? क्या उन तक नहीं पहुंचा था प्रदेश अध्यक्ष के आने का पैगाम? या फिर ये भी सच है उनको है प्रदेश अध्यक्ष के आने की जानकारी? वो करना ही नहीं चाहते थे शायद कोई प्रोग्राम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जहां मंडल अध्यक्ष बनने को लेकर भाजपा में लगी हुई थी सैंकड़ों चेहरों की लाईन? वहीं भगवा रंजन ने इस बार ये पद लेना नहीं समझा फाईन? अब हमें है उनको लेकर इस बात की चिंता? क्या भगवा योद्धा उनको देंगे अपनी टीम में स्थान? या फिर मामला उनके साथ ये हो जायेगा कि ना खुदा मिला ना विसाल-ए-सनम? ना हम इधर के रहे ना उधर के रहे श्रीमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा योद्धा ने यूं ही नहीं बनाया एक कार्यक्रम में मिस्टर गौरव को वक्ता? उन्होंने सोच समझ कर दी थी उनको ये जिम्मेदारी? वो शायद कर रहे हैं उनको कोई बड़ा पद देने की तैयारी? जिन्हें बनाना होता है भविष्य में महानमंत्री उन्हीं को सौंपी जाती है ये जिम्मेदारी? शायद यही सोचकर की गई थी उनको ये जिम्मेदारी जारी?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# दिनेश कुमार गोयल ने वैश्य समाज की धर्मशाला का किया शिलान्यास





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रभात सभा द्वारा संचालित गांधी शिशु मन्दिर एवं अग्रवाल धर्मशाला, चारथावल मुजफ्फरनगर में लगभग 100 वर्ष पूर्व निर्मित वैश्य समाज की धरोहर के पुनर्निर्माण हेतु दिनेश कुमार गोयल सदस्य विधान परिषद उ0प्र0 द्वारा भूमि पूजन एवं शिलान्यास अग्रवाल धर्मशाला चरथावल मुजफफरनगर में किया गया। इसमें दिनेश कुमार गोयल द्वारा कहा कि अग्रवाल धर्मशाला जोकि समस्त वैश्य समाज की धरोहर है इसमें केवल वैश्य ही सर्वसमाज के लोगो के समरोह आदि आयोजित किये जाते है जिससे सभी समाज के लोग लाभान्वित होते है। दिनेश गोयल ने इस आयोजन में पधारे समाज के गणमान्य व्यक्ति, माता बहनों का धन्यवाद दिया। इस अवसर पर अशोक कंसल पूर्व विधायक, सुधीर कुमार पूर्व आई0ए0एस0 अधिकारी, अनुज गर्ग, अजय कंसल, सुधीर सिंघल, मनीष गर्ग, प्रिन्स, आदेश कुमार गर्ग आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# महेन्द्रा एन्कलेव में जीडीए ने बिल्डिंग की सील

## भूखंड के भूतल पर 3 दुकानें तथा उसके ऊपर 4 मंजिल का किया गया था निर्माण





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जीडीए उपाध्यक्ष के अवैध निर्माण/अवैध कालोनियों के विरुद्ध कार्रवाई किये जाने के निर्देशों के क्रम में गुरुवार को प्रभारी प्रर्वतन जोन-4 के नेतृत्व में निर्माणकर्ता विनीत कुमार पुत्र एस0पी0 सिंह द्वारा भूखण्ड सं0-सी-01, महेन्द्रा एन्कलेव, गाजियाबाद में बिना प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये निर्माण कार्य प्रारम्भ करने पर वाद सं0-163/अ0नि0/जोन-4/2023 दिनांक 25.02.2023 योजित किया गया। निर्माणकर्ता द्वारा अवैध निर्माण कार्य जारी रखे जाने पर सक्षम अधिकारी द्वारा उक्त निर्माण अवैध के विरुद्ध ध्वस्तीकरण आदेश दिनांक 24.05.2023 पारित किये गये। भूखण्ड के भूतल पर 3 दुकानें तथा उसके ऊपर 4 मंजिल का निर्माण पूर्व में किया गया था, परन्तु अध्यासित/संचालित नही था, जिसको सीलबन्द किया गया सीलिंग की कार्यवाही के समय स्थानीय विकासकर्ताओं/निर्माणकर्ताओं द्वारा काफी विरोध किया गया, परन्तु प्राधिकरण पुलिस बल द्वारा उन्हें नियन्त्रित कर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही जारी रखी गयी। उक्त कार्यवाही के दौरान सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्तागण एवं प्रवर्तन जोन-4 के समस्त स्टाफ, प्राधिकरण पुलिस बल व प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते की उपस्थिति में ध्वस्तीकरण/सील की कार्यवाही सम्पन्न की गई। आगामी माह में भी सील की कार्यवाही किये जाने का अभियान जारी रहेगा।

## गुरु पूर्णिमा



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर शहर विधायक संजीव शर्मा ने प्राचीन सिद्ध श्री दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर में पहुंचकर महंत नारायण गिरी से आशीर्वाद लिया और गुरु पूर्णिमा पर उनका सम्मान किया।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।